खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

हल्द्वानी, मंगलवार 17 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्ज्यों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगी। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

- दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू
- 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

### स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

### गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

- असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग
- याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

#### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**



**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर

# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

- SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

### देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

- लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

### 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड अल्मोडा स्थित विकास भवन

Email I.D. eeresalmora@gmail.com PH No. 05962-234109

पत्रांक : 1681 / ग्रा0नि0वि0 / दो–लेखा / मुआवजा / 2025–26 दिनांक : 16 / 02 / 2026

**सार्वजनिक सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोडा द्वारा अल्मोड़ा बागेश्वर मोटर मार्ग के बुलकानी से घुरसों तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं जिन व्यक्तियों की जमीन का अधिग्रहण उक्त सडक के निर्माण में हुआ है को मुआवजे का वितरण किया जाना है, जिनके नाम प्रकाशित किये जा रहे है, वह पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोडा विकास भवन में निम्न दस्तावेजों के साथ सम्पर्क कर अपना मुआवजा प्राप्त करने की कार्यवाही कर ले, अन्यथा की स्थिति में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

1– पट्टी पटवारी से दूरी प्रमाण पत्र एवं अधिग्रहण की गई भूमि का प्रमाण पत्र (क्षेत्रफल सहित)।
2– आधार कार्ड की छाया प्रति।
3– पैनकार्ड की छाया प्रति।
4– पासपोर्ट साइज फोटो।
5–बैंक खाता की छाया प्रति।
6– मोटर मार्ग अर्न्तगत कटी भूमि पर फोटोग्राफ **A4** साइज।

**अल्मोड़ा बागेश्वर मोटर मार्ग के बुलकानी सें घुरसों तक ग्रामीण मोटर मार्ग के भूमि मुआवजा विवरण।**

| क0स0 | काश्तकार का नाम | पिता / पति का नाम |
|---|---|---|
| 1 | धर्मानन्द | मुरलीधर |
| 2 | धनी राम | बची राम |
| 3 | धनानन्द | हीरा बल्लभ |
| 4 | याम लाल | पनी राम |
| 5 | यादव चन्द्र | कृष्ण |
| 6 | खीम राम | नरी राम |
| 7 | खीम राम | सोबन राम |
| 8 | खीमानन्द | बद्री दत्त |
| 9 | खीमानन्द | मोती राम |
| 10 | खजान चन्द्र | कृष्ण |
| 11 | खग राम | पदी राम |
| 12 | गंगा राम | उमी राम |
| 13 | बद्री दत्त | गौरी दत्त |
| 14 | कृष्ण चन्द | हरी दत्त |
| 15 | कमल कुमार | भवान राम |
| 16 | कमला देवी | उमेद राम |
| 17 | कमलाकान्त | देवकी नन्दन |
| 18 | कमलेश कुमार | भीम राम |
| 19 | कौस्तुवानन्द | हरि दत्त |
| 20 | कान्ती बल्लभ | उर्वादत्त |
| 21 | कान्ती बल्लभ | माधवानन्द |
| 22 | कुन्थी देवी | दुर्गा दत्त |
| 23 | कुन्ती देवी | हर राम |
| 24 | केशव दत्त | किशनानन्द |
| 25 | केशवदत्त | हरि किशन |
| 26 | केशवदत्त | लक्ष्मी दत्त |
| 27 | केशवदत्त | हीरा बल्लभ |
| 28 | केशवदत्त | हरि कृष्ण |
| 29 | केवलानन्द | नन्दकिशोर |
| 30 | कैलाश चन्द्र | गोविन्द बल्लभ |
| 31 | कैलाश चन्द्र | भुवन चन्द्र |
| 32 | कैलाश चन्द्र | गोविन्द बल्लभ |
| 33 | कलावती देवी | हरी दत्त |
| 34 | मथुरा दत्त | मनोरथ |
| 35 | महेश चन्द्र | मथुरा दत्त |
| 36 | महेश चन्द्र | हरकृष्ण |
| 37 | महेश चन्द्र | दामोदर |
| 38 | महेश चन्द्र | गोविन्द बल्लभ |
| 39 | महेश चन्द्र | भवानी दत्त |
| 40 | माधवी देवी | चन्द्रशेखर |
| 41 | मथुरा दत्त | गौरी दत्त |
| 42 | मोहन चन्द्र | गोविन्द बल्लभ |
| 43 | मोहन चन्द्र | मथुरा दत्त |
| 44 | मोहन चन्द्र | भैरव दत्त |
| 45 | मोहन चन्द्र | पुरन चन्द्र |
| 46 | मोहनी देवी | तारा दत्त |
| 47 | मोती राम | हरकिशन |
| 48 | मदन कुमार | गंगा राम |
| 49 | मदन सुन्दरी | श्री मोती राम |
| 50 | मुन्ना | राम दत्त |
| 51 | मुन्ना लाल | गौर राम |
| 52 | मन्जु | जर्नादन |
| 53 | किरण कुमार | भुवन चन्द्र |
| 54 | किशन राम | शोबन राम |
| 55 | किशन चन्द्र | तारा दत्त |
| 56 | किश्ना | आनदेव |
| 57 | हिमाशु | कौस्तुवानन्द |
| 58 | पिरोज राम | प्रेम राम |
| 59 | दिवाकर | देवकी नन्दन |
| 60 | दिनेश चन्द्र | दामोदर |
| 61 | विपिन चन्द्र | हीरा बल्लभ |
| 62 | विनित | कौस्तुवानन्द |
| 63 | विजे राम | पिरूवा |
| 64 | विनय | भुवन चन्द्र |
| 65 | निर्मल चन्द्र | गोविन्द बल्लभ |
| 66 | निर्मल चन्द्र | भुवन चन्द्र |
| 67 | गिरिश चन्द्र | ब्रद्री दत्त |
| 68 | गिरिश चन्द्र | भवानी दत्त |
| 69 | गिरिश चन्द्र पाण्डे | चन्द्र दत्त |
| 70 | गिरिजाशंकर | भुवन चन्द्र |
| 71 | हरि किशन | त्रिलोचन |
| 72 | हरि किशन | मोती राम |
| 73 | हरिकृष्ण | जयकृष्ण |
| 74 | हरिकृष्ण | हरी दत्त |
| 75 | हरिकिशन | जयकिशन |
| 76 | हीरा बल्लभ | कृपा राम |
| 77 | हीरा बल्लभ | तारा दत्त |
| 78 | हीरा बल्लभ | मुरलीधर |
| 79 | हीरा बल्लभ | बृद्धि बल्लभ |
| 80 | हीरा बल्लभ | कृपा राम |
| 81 | हीरा लाल | खीम राम |
| 82 | हरीकृष्ण | त्रिलोचन |
| 83 | हरीश चन्द्र | हीरा बल्लभ |
| 84 | हरीश चन्द्र | नन्दकिशोर |
| 85 | हरीश चन्द्र | प्रेम बल्लभ |
| 86 | भोला दत्त | अम्बा दत्त |
| 87 | भानु | भुवन चन्द्र |
| 88 | भवानी दत्त | तारा दत्त |
| 89 | भुवन चन्द्र | देवाधर |
| 90 | भुवन चन्द्र | तारा दत्त |
| 91 | भैरव दत्त | देवाधर |
| 92 | भैरव दत्त | अम्बा दत्त |
| 93 | भैरव दत्त | किशनानन्द |
| 94 | भैरव दत्त | त्रिलोचन |
| 95 | पंकज जोशी | दया किशन |
| 96 | पप्पू लाल | दौलत राम |
| 97 | पदमा दत्त | लक्ष्मी दत्त |
| 98 | पदमा दत्त | बद्री दत्त |
| 99 | पदमा देवी | खीम राम |
| 100 | पदमादत्त | बद्री दत्त |
| 101 | पनी राम | पिरूवा |
| 102 | पूर्णानन्द | जय देव |
| 103 | पूरन चन्द्र | हीरा बल्लभ |
| 104 | प्रदीप चन्द्र | हरी दत्त |
| 105 | प्रेम बल्लभ | कृपा राम |
| 106 | प्रेम बल्लभ | तारा दत्त |
| 107 | प्रेम लाल | गंगा राम |
| 108 | रधुवर दत्त | मनोरथ |
| 109 | रमेश राम | हर राम |
| 110 | रमेश चन्द्र | बृद्धि बल्लभ |
| 111 | रमेश चन्द्र | अम्बा दत्त |
| 112 | रमेश चन्द्र | मोती राम |
| 113 | रमेश चन्द्र | तारा दत्त |
| 114 | रमेश चन्द्र | बृद्धि बल्लभ |
| 115 | राधा देवी | मोहन चन्द्र |
| 116 | राधापति | पुरन चन्द्र |
| 117 | राजेन्द्र | देवकी नन्दन |
| 118 | राजेन्द्र प्रकाश | केशर राम |
| 119 | राजेन्द्र प्रसाद | केश राम |
| 120 | रेवती देवी | मथुरा दत्त |
| 121 | शंकर दत्त | भैरव दत्त |
| 122 | सुरेश चन्द्र | उर्वादत्त |
| 123 | सुनील कुमार | दौलत राम |
| 124 | सुनील कुमार | किशौरी लाल |
| 125 | उमाशंकर | खीम राम |
| 126 | उमेश चन्द्र | केश राम |
| 127 | दृर्गादत्त | बद्री दत्त |
| 128 | दीप चन्द्र | भवानी दत्त |
| 129 | दीवान राम | पनी राम |
| 130 | दामोदर | नारायण दत्त |
| 131 | दुर्गा सुन्दरी देवी | दुर्गा दत्त |
| 132 | दुर्गा दत्त | हरी दत्त |
| 133 | दुर्गा दत्त | नन्दकिशोर |
| 134 | दुर्गा दत्त | हीरा बल्लभ |
| 135 | दुल राम | प्रेम राम |
| 136 | दुला राम | पिरूवा |
| 137 | देवकी देवी | चन्द्र दत्त |
| 138 | देवकी देवी | मथुरा दत्त |
| 139 | देवकी नन्दन | नन्दा बल्लभ |
| 140 | देवकी नन्दन | कृष्ण |
| 141 | चम्पा देवी | किशौरी लाल |
| 142 | चम्पा देवी | पूरन चन्द्र |
| 143 | चारू चन्द्र | भवानी दत्त |
| 144 | चन्द्र किशोर | चन्द्रशेखर |
| 145 | चन्द्रमणी | बाला दत्त |
| 146 | चन्द्रशेखर | हीरा बल्लभ |
| 147 | चन्द्रशेखर | जर्नादन |
| 148 | चन्द्रशेखर | हरी दत्त |
| 149 | चन्द्रशेखर | हीरा बल्लभ |
| 150 | चन्द्रशेखर | भवानी दत्त |
| 151 | तारा दत्त | बाला दत्त |
| 152 | तारा दत्त | राम दत्त |
| 153 | तारा दत्त | भोला दत्त |
| 154 | तारा दत्त | अम्बा दत्त |
| 155 | जयकिशन | हरिदत्त |
| 156 | जीवानन्द | मोती राम |
| 157 | जीवन चन्द्र | हीरा बल्लभ |
| 158 | जीवन्ती देवी | बची राम |
| 159 | जानकी देवी | हर राम |
| 160 | जुगल किशोर | अम्बा दत्त |
| 161 | जैत राम | सदी राम |
| 162 | जगतनाथ | हर राम |
| 163 | नरीराम | पदी राम |
| 164 | नारायण दत्त | बाला दत्त |
| 165 | नवीन चन्द | चन्द्रशेखर |
| 166 | नवीन चन्द | मोती राम |
| 167 | नवीन चन्द्र | चन्द्रशेखर |
| 168 | नन्दकिशोर | गंगा दत्त |
| 169 | अमरनाथ | पनी राम |
| 170 | अनिल | भुवन चन्द्र |
| 171 | टीका राम | कृपा राम |
| 172 | आनन्द बल्लभ | हीरा बल्लभ |
| 173 | आनन्द बल्लभ | हरकृष्ण |
| 174 | आनन्द बल्लभ | बद्री दत्त |
| 175 | आनन्द देवी | कौस्तुवानन्द |
| 176 | गणेश जोशी | दया किशन |
| 177 | गंगा दत्त | बाला दत्त |
| 178 | गोविन्द बल्लभ | कृष्ण |
| 179 | गोविन्द बल्लभ | बृद्धि बल्लभ |
| 180 | गोविन्दी देवी | रणजीत राम |
| 181 | गोपाल दत्त | कृष्ण |
| 182 | गोपाल दत्त | तारा दत्त |
| 183 | लक्ष्मी दत्त | किश्नानन्द |
| 184 | ललित मोहन | हीरा बल्लभ |
| 185 | ललित मोहन | चन्द्रशेखर |
| 186 | लीला जोशी | दया किशन |
| 187 | लीलाधर | नारायण दत्त |
| 188 | लीलाधर | नरी राम |
| 189 | लछी राम | पदी राम |

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड–अल्मोड़ा

### सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में किडनी प्रत्यारोपण फिलहाल केवल रक्त संबंधियों (ब्लड रिलेटिव) के बीच ही संभव है। सीएचसी स्तर पर किडनी ट्रांसप्लांट की मांग पर उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसकी व्यवहारिकता पर भी विचार करना होगा। इधर जल जीवन मिशन की कथित असफलता को लेकर विपक्ष ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिए चर्चा की मांग की। विपक्ष का आरोप था कि प्रदेश में योजना प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाई है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने विस्तृत जवाब देते हुए बताया कि किन क्षेत्रों में कार्य पूर्ण हो चुका है, कहां काम प्रगति पर है और कितना कार्य शेष है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सपा विधायक कमाल अख्तर ने जवाब पर असंतोष जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष से पक्ष-विपक्ष के विधायकों की संयुक्त समिति गठित कर मौके पर जांच कराने की मांग की। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ऐसी किसी समिति के गठन की अनुमति नहीं दी।

## फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि एक मामले में इस वजह से नाम काटा गया। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा की एक गुप्त बैठक में यह तय किया गया था कि जहां-जहां समाजवादी पार्टी मजबूत है या जीत चुकी है, वहां मतदाताओं के नाम कटवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...


**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

# सरकार फाइलों में नहीं, मैदान में काम करेगी: धामी

## सीएम ने हरिद्वार में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के आदेश

**■ जन-जन की सरकार: शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई, लापरवाही पर सख्त चेतावनी, डीएम को स्पष्ट निर्देश, एक भी जनसमस्या लंबित नहीं रहेगी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर कांगड़ी में आयोजित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत आयोजित मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच बैठकर सीधे संवाद किया और स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार अब फाइलों में नहीं, मैदान में काम करेगी।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्य विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव है, उनका निस्तारण मौके पर ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्य सेवक की चौपाल" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही का जीवंत प्रमाण है। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार जनहित के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी व लोग उपस्थित रहे।

# जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा: सीएम



**■ सरकार मैदान में, जनता के बीच: 'मुख्य सेवक' ने दिखाई जवाबदेही की सख्त कार्यशैली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर कांगड़ी में मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा है। उन्होंने स्वयं को जनता से अलग नहीं, बल्कि उनका सेवक बताते हुए कहा कि जनता की संतुष्टि ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्यसेवक की चौपाल" कोई औपचारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद का एक जीवंत मंच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे यहां लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए आए हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार का संकल्प प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार का मूल मंत्र है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनहित सर्वोपरि रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी और कोई शिकायत अनसुनी नहीं रहेगी। सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत बीते डेढ़ माह में पूरे प्रदेश में लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है।

# टिहरी झील को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विकसित करने को बनाएं योजना: सीएस



**■ टिहरी लेक का पूरा मास्टर प्लान तैयार करने के लिए अनुभवी कन्सलटेन्ट की हो नियुक्ति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने टिहरी झील को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विक. सित किये जाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचिव पर्यटन को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के स्तर पर टिहरी झील एवं उसके समीपवती क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने तथा अवस्थापना सुविधाओं के विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व टिहरी लेक डिटिनेशन का पर्यटन के दृष्टिगत विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये।

सोमवार को सचिवालय में पर्यटन विकास परिषद द्वारा टिहरी लेक प्रोजेक्ट के तहत सतत् समावेशी अनुकूल जलवायु आधारित पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि टिहरी लेक को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विक. सित किये जाने संबंधी भारत सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव में शामिल किया जाय। उन्होने टिहरी लेक का पूरा मास्टर प्लान तैयार करने के लिये अनुभवी कन्सलटेन्ट की नियुक्ति के साथ पर्यटन विभाग को इसी के दृष्टिगत अपनी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने टिहरी लेक के चारों ओर रिंग रोड तैयार करने की कार्ययोजना में तेजी लाये जाने, टिहरी लेक में प्रस्तावित सी प्लान योजना के साथ रिंग रोड पर कम से कम दो हेलीपैड बनाए जाने की व्यवस्था के भी निर्देश दिये।

# दून की सड़कों पर कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

## लोकभवन कूच के दौरान हुआ भारी टकराव, अपराध-बेरोजगारी और महंगाई पर सरकार को घेरा

**■ कांग्रेसियों ने हाथी बड़कला में बैरिकेडिंग तोड़ी**



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सोमवार को सियासी उबाल का केंद्र बन गई। अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न, भर्ती घोटालों और मनरेगा का नाम बदले जाने जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने राजभवन (लोक भवन) कूच का ऐलान किया तो परेड मैदान से लेकर हाथी बड़कला तक सड़कों पर कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस ने अवरोधक लगाकर कूच को रोकने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ता अवरोधकों पर चढ़ गए और जमकर नारेबाजी की। बाद में सभी बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया गया।

**परेड मैदान में गरजी कांग्रेस, सरकार पर तीखे प्रहार:** लोकभवन कूच से पहले परेड मैदान में हुई जनसभा में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। मंच पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा, चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरक सिंह रावत और चुनाव प्रचार समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह मौजूद रहे। नेताओं ने सरकार पर कुशासन और जंगलराज का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। बढ़ते अपराधों से भय का वातावरण है, नौजवान बेरा. `जगार हैं, पलायन जारी है और पहाड़ों में विद्यालय बंद हो रहे हैं।

**17 दिन में पांच हत्याएं, सरकार मौन क्यों?:** हरक सिंह रावत ने दावा किया कि केवल देहरादून जिले में 17 दिनों के भीतर 5 हत्याएं हुईं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में जंगली जानवरों के आतंक से लोग डरे हुए हैं और सरकार स्थिति संभालने में विफल है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन अमन-चैन, रोजगार, प्रश्नपत्र लीक रोकने और भू-माफिया तथा शराब माफिया पर कार्रवाई की मांग को लेकर है।

### जनादेश का अपमान, जंगलराज कायम: आर्य

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रचंड बहुमत की सरकार जनादेश का अपमान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हत्याएं, महिला अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रोंख्रधराली, बूढ़ा केदार, घनसाली, जोशीमठ, थराली, मुनस्यारी, धारचूला और तराईख्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को अब तक बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। करन माहरा ने कहा कि प्रदर्शन में केवल कार्यकर्ता ही नहीं, आम जनमानस भी शामिल है क्योंकि "राज्य त्राहिमाम कर रहा है।" उन्होंने कहा कि खुलेआम अपराधी गोलियां चला रहे हैं, महिला अपराध बढ़ रहे हैं और भर्ती घोटालों ने युवाओं को निराश कर दिया है। किसानों के गन्ना समर्थन मूल्य और सेब उत्पादकों की समस्याओं को भी उन्होंने उठाया।

### हाथी बड़कला में टकराव, कई नेता हिरासत में

लोक भवन कूच के दौरान हाथी बड़कला में पुलिस ने कड़े बंदोबस्त किए। पहला अवरोधक तोड़ते हुए कुछ कार्यकर्ता आगे बढ़े, जिसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। पुलिस ने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, गणेश गोदियाल, हरक सिंह रावत, प्रीतम सिंह, ममता राकेश, सुमित हिरदेश, विक्रम नेगी और ज्योति रौतेला समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। राजधानी में हुए इस शक्ति प्रदर्शन ने प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# उत्तरकाशी जिला कोर्ट को बम से उड़ाने पर हड़कंप

**■ परिसर खाली कराया बढ़ाई सुरक्षा, पुलिस ने दून से बुलाई बम निरोधक दस्ता टीम**

**■ जिला जज कोर्ट को आई मेल, मची अफरातफरी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सोमवार सुबह जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया। उधर देहरादून से बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गए है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह कोर्ट खुलने के कुछ ही देर बाद जिला एवं सत्र न्यायालय उत्तरकाशी की ऑफिसियल मेल आईडी पर धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है।

मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय को दी। इस पर पुलिस ने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित बाहर निकाला और एहतियातन पूरा परिसर खाली कराया। इसके पुलिस बल ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस बीच जिला अधिवक्ता संघ ने 'नो वर्क' की घोषणा कर दी।

पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि एहतियातन न्यायालय परिसर को खाली करवाकर वहां पर पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी के साथ दमकल व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गयी हैं। टेक्निकल निरीक्षण हेतु बीडीएस की टीमें पहुँच रही हैं। एसपी उत्तरकाशी के कडे निर्देशों पर उत्तरकाशी के सभी न्यायालय परिसरों में पुलिस, इंटेलिजेन्स आदि की टीमें मुस्तैद हैं। लगातार प्रभावी चेकिंग/फ्रिस्किंग की कार्यवाही की जा रही है।

वहीं देहरादून से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। हर पहलू से जांच की जा रही है।

कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि जिला कोर्ट से सूचना मिली थी कि मेल पर परिसर में आरडीएक्स होने की सूचना हैघ् सूचना मिलते ही पूरे कोर्ट परिसर को खाली करवाकर जांच शुरू कर दी है।

मौके पर पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालिनी नेगी सहित भारी पुलिस बल तैनात है। न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ईमेल चेन्नई की बताई जा रही है।

# कांग्रेस ने सहारनपुर से बुलाई भीड़: जोशी

**देहरादून।** कांग्रेस के लोक भवन कूच के लिए निकाली गई रैली पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कांग्रेस की इस रैली को भाड़े की भीड़ बताया है। गणेश जोशी का कहना है कि भीड़ सहारनपुर और अन्य जगहों से बुलाई गई थी।

कैबिनेट मंत्री जोशी में कहा कि आज कांग्रेस पूरी तरह से हताश और निराश है। जिस तरह से आज धामी सरकार काम कर रही है और कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं है। ऐसे में खुद को जिंदा रखने के लिए इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं, जो कि फ्लॉप साबित होते जा रहे हैं।

जोशी ने कहा कि कांग्रेस को अब सत्ता से बाहर हुए 10 साल होने को जा रहे है। ऐसे में अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और उन्हें परखने का कांग्रेस का मात्र यह प्रयास है। जोशी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा से लड़ने की नौबत तो तब आएगी, जब वो खुद के झगड़ों से निपटेगी।

# फ्लॉप रैली के भरोसे कांग्रेस को जनता देगी जवाब: भट्ट



**■ प्रदर्शन से जनता की दूरी ने कांग्रेसी नकारात्मक राजनीति की खोली पोल**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस की रैली को भाड़े और मुस्लिम यूनिवर्सिटी समर्थको का जमावड़ा बताते हुए फ्लॉप शो करार दिया है।

भट्ट ने कहा कि कांग्रेसी रैली पूर्व मे घोषित मुद्दों से अलग ही नजर आयी। रैली मे मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नारों की गूंज सुनाई दी। उन्होंने कहा कि एक और कांग्रेस लगातार डेमोग्राफी चेंज और धौलास सहित प्रदेश भर मे अवैध अतिक्रमण को लेकर हमलावर है तो वहीं रैली मे इसकी स्पष्ट झलक दिखायी दी। उन्होंने प्रदर्शन को झूठ और भ्रम फैलाने की एक और असफल कोशिश बताया है।

उन्होंने कहा कि आज के प्रदर्शन में जनता की अनुपस्थिति बताती है कि राज्य विकास मार्ग पर बहुत आगे बढ़ गया है और कांग्रेस खुद अभी भ्रम में है। हम आने वाले साल को विकास की रफ्तार बढ़ाने का अवसर मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेताओं के लिए यह समय राजनैतिक प्रपंचों का है। आज की रैली में मुस्लिम यूनिवर्सिटी और मदरसा बोर्ड वापिसी की मांग वाले बैनरों से उनका दोहरा चेहरा भी स्पष्ट नजर आया है।भट्ट ने कहा कि आज के प्रदर्शन से कांग्रेस को सबक लेने की जरूरत है कि जनता की क्यों उनके राजनीतिक कार्यक्रमों से दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। क्योंकि वे जिन मुद्दों को उठा रहे हैं उन सब पर जनता धामी सरकार के कार्यों से संतुष्ट हैं और उनके साथ खड़ी है।

### कहा, विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनगिनत कार्य किए

भट्ट ने कहा कि विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनगिनत कार्य किए हैं। भाजपा जनता से किए सभी वादों पर खरा उतरी हैं और शेष समय में भी उम्मीद से बढ़कर काम करने जा रही हैं। जनता आज राज्य के चौमुखी विकास को अपने आस पास अनुभव कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों के आंकड़े उसकी तस्दीक करते हैं। संस्कृति और विरासत को संजोते हुए, प्रदेश के देवभूमि स्वरूप बरकरार रखने की हमारी कोशिश जनकल्याणकारी सरकार को चरितार्थ कर रही है

# दून मेडिकल कॉलेज बनेगा एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी

**■ डिजिटाइजेशन की दिक्कतें दूर करने को दून के कार्मिकों को एबीडीएम देगा प्रशिक्षण**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की मॉडल फैसिलिटी के रूप में तैयार किया जाएगा।

व्यवस्थाएं सुचारू कराने के लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण व कालेज प्रशासन की संयुक्त बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। लाभार्थियों को कतारों से मुक्ति दिलाने हेतु अस्पताल में एबीडीएम का पृथक काउंटर लगाने तथा परिसर में जागरूकता गतिविधियों पर जोर दिया गया। मेडिकल कालेज के चिकित्सा अधीक्षक डा रविंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में एबीडीएम की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप दून मेडिकल कॉलेज को एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी के रूप में प्रस्तुत किया जाना है। यहां मरीज क्यूआर कोड के जरिए स्कैन एंड शेयर व स्कैन एंड पे के जरिए पंजीकरण व भुगतान करेंगे, कार्मिकों के एचपीआर को अनिवार्य किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल में क्यूआर कोड से पंजीकरण कराने के लिए पृथक से कांउटर बनाया जाएगा। परिसर में एबीडीएम की सुविधाओं के बारे में व्यापक आईईसी के जरिए प्रचार प्रसार की गतिविधियां की जाएंगी। क्यू ओर कोड के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का आसानी व बेहतर ढंग से उपयोग किया जा सकता है। यदि डिजिटल उपयोग में कहीं आ रही हैं तो उन्हें दूर करने के लिए एबीडीएम की ओर से अस्पताल कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# हिटलरशाही का जवाब देने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे: गोदियाल

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रीतम सिंह ने सोमवार को महिला अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महंगाई व जंगली जानवरों के हमलों के खिलाफ आयोजित ऐतिहासिक लोकभवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जिस उत्साह से हजारों की संख्या में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए देहरादून के परेड ग्राउंड में एकजुट हुए उससे आने वाले समय में पार्टी संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

# स्पोर्ट्स स्कूल कल्चर से खेल भूमि बनेगा उत्तराखंड: रेखा आर्या



**■ खेलों को समर्पित स्कूल खोलने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए**

**■ फिट उत्तराखंड ऐप बनेगा ऑनलाइन कोच**

**■ समीक्षा बैठक में खेल मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सब कुछ सही रहा तो जल्द ही प्रदेश में स्पोर्ट्स स्कूल खिलाड़ियों को तैयार करते दिखाई देंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विभाग को इस कॉन्सेप्ट पर तेजी से काम करने की निर्देश दिए हैं ताकि छोटी उम्र से बच्चों को खेल पर फोकस कराया जा सके।

सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश को खेल भूमि के रूप में विकसित करने के लिए यह जरूरी है कि छोटी उम्र से बच्चों को खेल का विशेष प्रशिक्षण मिले। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास 14 स्पोर्ट्स हॉस्टल हैं लेकिन यह पुराना कॉन्सेप्ट आज की जरूरत के हिसाब से उतना कारगर नहीं है।

इसलिए इन स्पोर्ट्स हॉस्टल को स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में विकसित किया जाए, जहां 6 साल की उम्र से बच्चे खेल के मैदान में रच बस सकें। बैठक में खेल मंत्री ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर को भी इस तरह के स्कूल शुरू करने के लिए सरक. ारी मदद कैसे दी जाएगी, इसका प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही स्पोर्ट्स नर्सरी बनाने का प्रस्ताव भी अधिकारी जल्द तैयार करें।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि एक जनपद एक खेल परिकल्पना के तहत हर जिले में ज्यादा प्रचलित खेल को उस जनपद की पहचान के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए भी प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि फिट उत्तराखंड ऐप पर अभी तक प्रदेश के हर उम्र के 1 लाख 22 हजार से ज्यादा एथलीट रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस ऐप पर यह लोग अपनी खेल गतिविधियों के जो वीडियो अपलोड कर रहे हैं, इन वीडियो का विश्लेषण कर इन्हें ऑनलाइन कोचिंग देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अग्नि वीर भर्ती प्रशिक्षण केंद्र या ओपन जिम के लिए स्कूल कॉलेज के ग्राउंड का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इसके अलावा बैठक में खेल मंत्री ने कहा कि हल्द्वानी के खेल विश्वविद्यालय में इसी जुलाई से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी पूरी की जाए।

बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक आशीष चौहान, अपर निदेशक अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई आदि उपस्थित रहे।

# जिन्न के खौफ से करोड़ों की ठगी

## कोतवाली में तहरीर लेकर न्याय मांगने पहुंचे पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर में अंधविश्वास के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। ये ठगी जिन्न का खौफ दिखाकर की गई बताई जा रही है। पीड़ितों ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आईटीआई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बांसखेड़ा खुर्द के तमाम महिला-पुरुषों ने आज आईटीआई कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी रवि सैनी को अपनी पीड़ा सुनाई। बताया कि पिछले काफी समय से उनके गांव में रह रहा मूलत: रामपुर (यूपी) निवासी एक व्यक्ति ने उनका विश्वास जीत लिया और जिन्न द्वारा पैसा दुगुना करने की बात कहते हुए कहा कि मेरे पास जिन्न है, जो पैसा मुझे दोगे जिन्न उसका दुगुना-तिगुना कर देगा। उसके झांसे में आकर कुछ लोगों ने उसे रुपये दिये और उसने अपनी बात पर खरा उतरते हुए रुपये बढ़ाकर लौटा भी दिये। बात फैली तो भारी संख्या में लोग उसके पास रुपये दुगुने-तिगुने कराने पहुंचने लगे। पीड़ितों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति तंत्र-मंत्र भी करता है। जिन्न का खौफ दिखाकर तमाम तरह की बातें बनाते हुए उसने अपने परिचितों और रिश्तेदारों को भी पैसे डबल कराने की बात बताकर अपने पास लाने को कहा। अंधविश्वास में आकर तमाम लोगों के पैसे इसके पास जमा कराये गये। काफी रकम जमा होने के बाद उक्त व्यक्ति ने कोई भी रिफन्ड नहीं दिया। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति संगठित गिरोह बनाकर लोगों को झांसे में लेता है और फिर भाग जाता है। उक्त व्यक्ति द्वारा ऐसा ही कृत्य यूपी के भोजपुर व सैफनी क्षेत्र में भी किया है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि रकम मांगने पर उन्हें जान से मरवा देने या किसी झूठे केस में फंसा देने की धमकी मिल रही है। पीड़ितों के मुताबिक उक्त व्यक्ति ने हजारों लोगों से 25 करोड़ से अधिक की ठगी कर उन्हें दर-दर भटकने को मजबूर कर दिया है। इस दौरान शकील अहमद, ईस्माइल, अरमान अली, गुल सनोबर, मुन्नी बेगम, नाजमा, कहकशा, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद अयान, गुलाम मुस्तफा, सलीम, अंसार अहमद, फरजाना, यूसुफ, शायरा, शरीफ, शबनम, जुनैद, शमशेर आलम आदि बड़ी संख्या में पीड़ित महिला पुरूष थे।



## पटवारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन, ट्रांसफर होगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तहसील परिसर में समाजसेवी विशाल वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं और बुजुर्गों ने पटवारी संजय प्रसाद के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले एक माह से पटवारी अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे आम जनता को जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत सेवाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। विशाल वर्मा ने कहा कि समय पर कार्य न होने से जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तहसीलदार कुलदीप पांडेय से मिलकर पटवारी संजय प्रसाद को तत्काल हटाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने आश्वासन दिया कि पांच दिनों के भीतर संबंधित पटवारी का स्थानांतरण कर अन्य पटवारी को कार्यभार सौंप दिया जाएगा, ताकि आम जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जन्म, जाति, उत्तरजीवी और आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था सुचारू नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## एक नजर

### दिव्यांग हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर पुलिस ने कुंदन हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। आरोपी ने दिव्यांग कुंदन पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमेश्वर के स्याग गांव में बीते 24 जनवरी को दिव्यांग कुंदन राम का शव हत्यारोपी दीपक पांडे के घर के बाहर मिला था। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पा रहा था। इधर, पुलिस ने आरोपी दीपक पांडे को अल्मोड़ा के करबला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक कुंदन राम से उनका लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीते 18 जनवरी की रात उसकी कुंदन के साथ मारपीट हुई। इसी दौरान उसने कुंदन पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने टीम को एक हजार रुपये ईनाम की घोषणा की है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर मदन मोहन जोशी, एसआई फिरोज खान, हेड कांस्टेबल हरीश आर्या, कांस्टेबल राजेश भट्ट, गोरखनाथ, नीरज मेहरा की टीम में शामिल रहे।

### आठ खिलाड़ी राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हाकी प्रतियोगिता के लिए जिले के आठ शिक्षकों का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी आगामी 17 से 28फरवरी में दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी दीपक वर्मा ने बताया कि दिल्ली में होने जा रही अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय हाकी के लिए उत्तराखंड की पुरुष एवं महिला टीम में अल्मोड़ा जिले के आठ शिक्षकों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की टीम में रापूमावि प्रधानाध्यापक व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक वर्मा, जीआईसी लोधिया के पंकज टम्टा, जीआईसी कुलसीवी के विरेंद्र सिंह बिष्ट, जीआईसी नगरखान के गणेश शाही, जीआईसी लोधिया के किशन खौलिया, जीआईसी ताकुला के तरुण बेलवाल, जीआईसी जैना की कृतिका जोशी, जीआईसी चौबा हवालबाग की नन्दा भाकुनी का चयन हुआ है। विधायक मनोज तिवारी, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, रवि रौतेला, लियाकत अली खान, डीईओ चंदन सिंह बिष्ट, बीईओ हरीश रौतेला समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

### बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आज जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में न्यू कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। परीक्षा अवधि में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की नकल या अवैध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रश्नपत्रों की सुरक्षित रख-रखाव व्यवस्था, सीसीटीवी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत, फर्नीचर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों को निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध हो सके।

### पुलिस ने चलाया वृहद सत्यापन अभियान

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज बांसफोड़ान व प्रतापपुर क्षेत्र में वृहद सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमें 61 लोगों का सत्यापन किया गया जिसमें 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 5 नगद चालान किए गए तथा किरायेदारों का सत्यापन न करने वाले मकान मालिकों के विरुद्ध 83 पुलिस एक्ट में 10-10 हजार रुपये के 7 चालान किये गये। काशीपुर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों/घरेलू सहायकों/निर्माण श्रमिकों आदि का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का मकान मालिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों, ठेकेदारों एवं आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने यहां कार्यरत या निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। सत्यापन न कराने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा सकती है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

### फाइनेंशियल लिटरेसी पर कार्यशाला

**काशीपुर।** एनएसएस के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने चयनित मलिनबस्ती कटरामालियान में नशा उन्मूलन जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे का सेवन ना करने की अपील की एवं नशे की सेवन से होने वाली बीमारियों एवं दुष्प्रभाव की जानकारी दी। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने पॉलीथिन उन्मूलन पर जागरूकता रैली निकालकर जनमानस को प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग न करने का आग्रह किया। बौद्धिक सत्र में डॉ. गिरीश चंद्र पलड़िया ट्रेनर एवं कार्यक्रम अधिकारी पाल कॉलेज हल्द्वानी द्वारा वित्तीय जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य बिंदु पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाएं, भारत सरकार की विभिन्न निवेश व बचत योजनाएं, निवेश शेयर बाजार जोखिम और वित्तीय प्लानिंग, छात्राओं के लिए के वित्तीय क्षेत्र में करियर व रोजगार अवसर, ऑनलाइन फ्रॉड जैसे एटीएम, ओटीपी, क्रेडिट, डेबिट कार्ड धोखाधड़ी बिंदुओं पर पीपीटी द्वारा विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना, सिंह, डॉ. गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. रमा अरोरा एवं सृष्टि सिंह उपस्थित रहीं।

### वनाग्नि को लेकर विशेष सतर्कता

**बागेश्वर।** वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं और उसके दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से वन विभाग ने विशेष सतर्कता बरतने के लिए अपनी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली हैं। डीएफओ आदित्य ने बताया कि बागेश्वर वन प्रभाग के अंतर्गत कुल छह रेंज हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 66,236.20 हेक्टेयर है। इसके अतिरिक्त 822 वन पंचायतें है। सभी को सीजन में वनों में लगने वाली आग से बचाने के लिए विभाग द्वारा अपनी तैयारियां कर ली गई हैं। 15 फरवरी से 15 जून तक चलने वाले वनाग्नि काल के लिए निगरानी टीम के साथ साथ ड्रोन कैमरे आदि से जंगल की आग पर नजर रखने व तत्काल आग पर काबू पाने की रणनीति बना ली है। अधिकारियों ने बताया कि प्रभाग में कुल 31 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। वनाग्नि काल के दौरान 141 फायर वाचर तैनात रहेंगे, जो किसी भी आग की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर नियंत्रण करेंगे। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे वन क्षेत्रों में आग न लगाएं।

# कपकोट में जनता दरबार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सोमवार को कपकोट में जनता दरबार आयोजित किया गया। शिविर में 27 शिकायतें दर्ज हुई, अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया। साथ ही लंबित प्रकरणों पर सख्ती बरतते हुए सीएम पोर्टल की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम के निर्देशन में जन समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु सोमवार को तहसील सभागार, कपकोट में जनता दरबार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित विधायक सुरेश गढ़िया मौजूद रहे। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल एवं विद्युत से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से रखीं। कुल 27 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक लंबितता (पेंडेंसी) न रहे। सभी विभाग नियमित समीक्षा कर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सीएम पोर्टल पर लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और संतोषजनक समाधान किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित हो सके। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुमार आदित्य तिवारी थे।

# श्रमिकों ने एमडी को घेरा, डीएम ने शांत कराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के श्रमिकों ने कंपनी के एमडी पर वादा खिलाफी करने व उनके साथ मिस कम्युनिकेशन करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट में एमडी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि कंपनी के कारनामों के चलते राजस्व विभाग द्वारा क्षेत्र में कुड़की के पोस्टर चस्पा कर दिए।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े ने अपने दफ्तर में अल्मोड़ा मैग्नेसाइड फैक्ट्री के कर्मचारियों व एमडी के बीच हुई मिस कम्युनिकेशन को दूर करते हुए दोनों को शांत किया। उन्होंने एमडी को निर्देशित करते हुए श्रमिकों के साथ कुशल व्यौहार बनाए रखने के साथ साथ समय समय पर उन्हें फैक्ट्री द्वारा लिए का रहे निर्णयों से अवगत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को एक साथ बिठाकर कहा कि वे स्वयं जिले में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर फैक्ट्री को खिलवाने का प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए कंपनी के सभी प्रपत्र पूर्ण करवाने के प्रयास किए जा रहे है। डीएम ने बताया कि उन्होंने स्वयं सीएम एवं मंत्री सहित अन्य अधिकारियों से कंपनी खोले जाने को लेकर वार्ता की है। सरकार एवं प्रशासन के प्रयासों से जल्द कंपनी को सीटीओ जारी हो जाएगा। जिसके बाद कंपनी सभी दस्तावेजों को उच्च न्यायालय में पेश करेगी। जिलाधिकारी ने श्रमिकों को आश्वासन दिया कि वे जल्द फैक्ट्री को खुलवाने में अपना पूरा सहयोग देंगी। इस बीच श्रमिकों ने जिलाधिकारी के सम्मुख एमडी के करतूतों को बताया। कम्पनी के एमडी ने बताया कि वर्तमान में कंपनी के पास 26 लाख रूपये का ऑर्डर आया हुआ है। जिसे पूरा करते ही वे मजदूरों को भुगतान करने की कोशिश करेंगे। डीएम ने क्षेत्रीय तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आने वाले दिनों में लगातार क्षेत्र में जाकर श्रमिकों के साथ वार्तालाप करते रहे। ताकि फैक्ट्री को खोलने में जो भी गति विधियां जारी है ग्रामीणों को अवगत करवाते रहे। डीएम ने श्रमिकों को आश्वासन दिया कि वे उनका बचा हुआ 1 करोड़ 35 लाख रूपये का पीएफ भी दिलवाने में पूरा सहयोग करेंगी। इस मौके पर सुरेंद्र लाल, शांति लाल, गायत्री प्रसाद, नवल किशोर टम्टा, रवि करायत, मनीष कुमार, बसंत कुमार, फतेह सिंह करायत, विशन लाल साहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# अनुसूचित जाति के अपमान का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** आज़ाद समाज पार्टी काशीराम के जिला सचिव एवं विधानसभा लालकुआं प्रत्याशी सुरेश चन्द्र वेरी के नेतृत्व में पार्टी के जिला

### नगर पंचायत लालकुआं में सौंपा ज्ञापन

मीडिया प्रभारी मोहम्मद सुलेमान मलिक और समस्त पदाधिकारीगण ने नगर पंचायत लालकुआं में एक ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष कक्ष में सभी पूर्व अध्यक्षों की फोटो चस्पा की गई हैं, लेकिन तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद की फोटो, जो अनुसूचित जाति से आते हैं, जानबूझकर चस्पा नहीं की गई है, जो समाज का अपमान है। इसके अलावा, भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की फोटो भी नहीं लगी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि लालचंद द्वारा अंबेडकर पार्क में अंबेडकर द्वार का प्रस्ताव पास किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अधिशासी अधिकारी ने समस्त मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए एक सप्ताह का समय दिया। ज्ञापन देने वालों में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष खीम चंद आर्या, जिला कोषाध्यक्ष महेश, लालकुआं प्रभारी मदन राम, वरिष्ठ नेता संतोष, विधानसभा प्रभारी हल्द्वानी फिरोज खान, जिला सचिव एवं प्रत्याशी सुरेश वैरी, सरदार हरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सखावत हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आईएमटी के विद्यार्थियों ने एनुअल एंटरप्रेन्योरशिप सम्मिट में किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट काशीपुर द्वारा विगत दिवस एनुअल एंटरप्रेन्योरशिप सम्मिट 'उतिष्ठा 2026' में प्रतिभाग कर उद्यमिता के गुणों को सीखा। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा आयोजित इस समिट में संस्थान की 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आए तीन महिला मुख्य प्रवक्ताओं जो खुद में एक सफल उद्यमिता है ने उक्त विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए और आज के प्रतिस्पर्धा के युग में किस प्रकार महिलाओं को कई विशेष क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बहुत सारे उद्यमिता के गुणों को भी सीखा यहां बताते चलें कि एससी गुड़िया आईएमटी के विद्यार्थी लगातार आईआईएम में आयोजित विभिन्न वर्कशॉप्स में प्रतिभाग करते रहते हैं। वर्कशॉप से लौटे विद्यार्थी काफी उत्साहित है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्राचार्य एवं सभी कोर्सों की फैकल्टी उपस्थित रही।




## पिंक टॉयलेट बंद होने से हो रही भारी असुविधा

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर स्थित पिंक टॉयलेट पखबाड़े भर से बंद पड़ा है। इससे महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व महापौर दीपक ने महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट का शुभारंभ किया था। पिंक टॉयलेट शुरू होने से महिलाओं व लड़कियों को काफी प्रसन्नता हुई थी और वे इसका लगातार प्रयोग कर रही थीं। इस पिंक टॉयलेट से जहां एक ओर मार्केट आने वाली या दूसरे नगरों से आने महिलाओं को लाभ मिल रहा था वहीं दूसरी ओर महाराणा प्रताप चौक के आस पास दुकानों पर या ऑफिसों में काम करने वाली महिलाएं भी इसका प्रयोग कर रही थीं। इस पिंक टॉयलेट के बंद होने से इन महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## रैली की शक्ल में डीएम कार्यालय पहुंचे

**बागेश्वर।** मानदेय भोगी नाम हटाकर, वेतन भोगी हमें बनाओ नारे के साथ जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रैली की शक्ल में डीएम कार्यालय पहुंचे। अकोशित कार्यकर्ताओं ने लंबित मांगों को लेकर एसबीआई तिराहे पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद वे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। सोमवार को तीनों ब्लाकों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुई। यहां प्रदर्शन करने के बाद वे रैली लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में राज्य सरकार द्वारा 140 रुपए प्रतिदिन वृद्धि करने व केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने की मांग की है। उन्होंने सेवानिवृत्ति होने पर 10 लाख देने संबंधी शासनादेश जारी होने के बाद ही 300 रुपये की कटौती लागू करने तथा तब तक खातों से की जा रही 300 रुपये की कटौती बंद करने की मांग उठाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से न जोड़ने के साथ साथ मानदेय भोगी न बनकर वेतन भोगी बनाने की मांग की गई। संगठन की जिलाध्यक्ष कमला दानू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से कम मानदेय में कार्य कर रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर बिमला कोहली, जिला महामंत्री भावना टाकूली, जिला उपाध्यक्ष ममता बोरा, जिला कोषाध्यक्ष प्रभा आर्या, गरुड़ ब्लॉक अध्यक्ष नीमा गोस्वामी और कपकोट ब्लॉक अध्यक्ष नीमा जोशी, नीमा चौहान, कमला मेहरा, दीपा देवी, खष्टी देवी, प्रेमा देवी, सुनीता देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम में बहुउद्देशीय शिविर आज

**काशीपुर।** जन-जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 17 फरवरी को नगर निगम परिसर में प्रात: 11 बजे एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी जनता को देंगे और उनके लाभ लेने के संबंध में भी जानकारी देंगे। महापौर दीपक बाली एवं नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट ने काशीपुर क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस बहुउद्देशीय शिविर का लाभ उठाएं। इस बहुउद्देशीय शिविर में सरकारी विभागों का मार्गदर्शन मुख्य विकास अधिकारी करेंगे।

# विधायक मनोज तिवारी ने तकनीकी शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास और युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने को विधायक मनोज तिवारी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मामले को लेकर विधायक ने पॉलिटेक्निक बाड़ेछीना में नए ट्रेड शुरू करने को लेकर तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा कि शहीद मेजर कमलेश पांडे राजकीय पॉलिटेक्निक बाड़ेछीना की स्थापना वर्ष 2014 में की गई थी। पिछले एक दशक में इस संस्थान ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बताया कि वर्तमान में इस संस्थान में संस्थान में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के दो ट्रेड संचालित है।

बताया कि रोजगार के अवसरों के लिए नए ट्रेड की आवश्यकता है। विधायक तिवारी ने बताया कि छात्रहित के तर्कों को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मंत्री ने तत्काल दूरभाष के माध्यम से तकनीकी शिक्षा सचिव से इस विषय पर वार्ता की और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# मांगों को लेकर गरजीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री

## कर्मचारी संगठन मुखर, अल्मोड़ा में विरोध जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मानदेय में वृद्धि समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन मुखर हो गया है। सोमवार को संगठन से जुड़े सदस्यों ने नगर में सरकार के खिलाफ विरोध जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द मांगों का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन के बैनर तले विभिन्न ब्लॉकों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। जहां से मांगों के निराकरण को लेकर नगर के मालरोड होते हुए पूरे बाजार में विरोध जुलूस निकाला। गांधी पार्क में हुई सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लंबे समय से समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रही है, लेकिन शासन प्रशासन लगातार उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है। जिससे कार्यकत्रियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने 18 हजार मानदेय देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत होने पर 10 लाख की धनराशि दिए जाने, सेवानिवृत्ति की आयु 60 की जगह 62 साल किए जाने समेत तमाम मांगों को रखा। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में राज्य सरकार की ओर से 140 रुपए और केंद्र सरकार से 150 रुपए प्रतिदिन का प्रस्ताव पारित करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बिना किसी अर्हता पूरी किए बिना सेवानिवृत होने पर दस लाख देने, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से नहीं जोड़ने समेत आदि मांगों को रखा। यहां जिलाध्यक्ष रजनी बगड़वाल, लीला पांडे, तनुजा बिष्ट, माया जोशी, मनोरमा बनौला, दया टम्टा, राधा आर्या, कमला कार्की, कमला बोरा, कविता जोशी ब्लॉक, हेमा डालाकोटी, जानकी देवी, दीपा बनौला, बीना उप्रेती, उमा बनौला, सुनीता देवी, संगीता जोशी, निर्मला भट्ट समेत कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में रेफरल मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। बैठक में 1 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक जनपद के अस्पतालों से रेफर किए गए मरीजों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस दौरान 45,059 मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें से रेफरल दर 0.65 प्रतिशत रही। जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार व्यवस्था की सराहना की और रेफरल दर को और घटाने की सलाह दी। उन्होंने शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की आवश्यकता जताई। स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को मजबूत करने, अस्पतालों में संसाधनों की उपलब्धता और एम्बुलेंस सेवा में बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया।

# समस्याओं के निराकरण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई। इस दौरान बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की समस्याएं छाई रहीं। जिस पर ब्लॉक प्रमुख और एडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याएं सुलझाने के निर्देश दिए। ब्लॉक प्रमुख डा. आरती किरौला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं सदन में रखी।

जिस ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने को कहा। बैठक में मौजूद एडीएम युक्ता मिश्र ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर समयबद्ध एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण या तकनीकी परीक्षण अपेक्षित है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। एडीएम ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करने पर भी जोर दिया। जिससे निर्णय केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई दें। बैठक में एडीएम ने पेयजल समस्याओं के समाधान को संबंधित अधिकारियों को ग्राम स्तर पर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं, विद्युत विभाग द्वारा लंबित कार्यों की जानकारी साझा की गई, जिस पर शीघ्र निराकरण की कार्य योजना बनाने को कहा गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करने तथा एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी दी गई। जिसे बैठक में सकारात्मक पहल के रूप में देखा गया।



# ई-मेल पर कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

## आरडीएक्स की कोरी धमकी या ईडब्ल्यूएस को मुद्दा बनाने की साजिश, धमकाने वाले ने जज को ऑनरेबल कह कर किया संबोधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला जज को एक गंभीर धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है, जिसमें उनके कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस धमकी से पुलिस और न्यायालय में हड़कंप मच गया। हालांकि, इस मेल में इस्तेमाल की गई भाषा और बम के विवरण ने इसे संदिग्ध बना दिया है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह धमकी वाकई लिट्टे और पाकिस्तान की आईएसआई से आई थी, या फिर इसे ईडब्ल्यूएस आरक्षण मुद्दे को बढ़ावा देने के लिए एक साजिश के तौर पर भेजा गया था। कुछ जानकारों का मानना है कि इस धमकी का उद्देश्य तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर रोक लगाने के खिलाफ देशव्यापी विरोध फैलाना हो सकता है, और इसी कारण इसे उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी भेजा गया है। बता दें कि सोमवार की सुबह 8:41:53 बजे जिला जज नैनीताल की अधिकृत ई-मेल पर यह धमकी भरा मेल आया था। इस धमकी भरे मेल भेजने वाले ने जज को सीधे तौर पर आप कहके संबोधित किया। आपको बता दें कि अमूमन धमकी देने वाले शालीन भाषा का इस्तेमाल नहीं करते। धमकी भरे मेल में लिखा था कि आपके कोर्ट के जज के चैंबर में 12 आरडीएक्स आईईडी लगाए गए हैं, जो जल्द ही



फटेंगे। तमिलनाडु में ''ईडब्ल्यूएस रिजर्वेशनष'' लागू होने से रोंके, दोपहर 12 बजकर 15 तक सभी को खाली करा लें। ये मेल sunniya_dasan@outlook.com के नाम से भेजी गई। मैसेज में लिखा, ऑनरेबल जज, डीएमके सरकार तमिलनाडु में डीडब्ल्यूएस रिजर्वेशन पर रोक लगाए। कोर्ट में 12 बजकर 15 मिनट में 12 सी-4 आरडीएक्स सिलिकॉन बेस फ्यूज आईईडी ब्लास्ट होगा। अंत में लिखा, लिट्टे-पाकिस्तान आईएसआई लिखा था। जिला जज नैनीताल की अधिकृत ई-मेल पर आए इस मेल में लिखे एक-एक शब्द ऐसे लग रहे हैं, जैसे बड़े आग्रह के साथ धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने तो यहां तक लिख दिया है कि उन्होंने कौन-कौन सी सामग्री से मटेरियल तैयार किया है। ऐसे संभावना जताई जा रही है कि यह सिर्फ ईडब्ल्यूएस रिजर्वेश के विरोध में किया गया है। धमकी भी इसीलिए दी गई ताकि इस आरक्षण को रोकने के लिए देश व्यापी मुद्दा बनाया जा सके। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

### धमकियां अक्सर नहीं होतीं सच्ची

**हल्द्वानी।** आतंकी धमाकों को लेकर अतीत में भी धमकियां मिली हैं, लेकिन कभी भी धमकी के बाद वास्तविक हमला नहीं हुआ। उदाहरण के तौर पर, 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ काफिले पर हमला हुआ था, 25 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पर्यटकों पर गोलियां चलाई गई थीं, और 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर धमाका हुआ था। इन सभी आतंकी हमलों में कई लोगों की मौत हुई, इन सभी हमलों से पहले धमकियां नहीं आई थीं और बाद में जब धमकियां आईं, तो भी धमाके नहीं हुए। ताजा मामले में धमाके का समय भी लिखा गया था, लेकिन फिर भी कोई धमाका नहीं हुआ।

### एक ओर चेकिंग दूसरी ओर चुनाव प्रचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जज के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही हल्द्वानी में सिविल और दंड न्यायालय में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस मौके पर पहुंची और न्यायालय भवन को खाली करवा लिया। हालांकि, अधिवक्ता इस धमकी से निडर नजर आए और भवन खाली करने के बावजूद परिसर में डटे रहे। मजे की बात यह रही कि अधिवक्ता मंगलवार को होने वाले चुनाव प्रचार में भी जुटे रहे। पुलिस ने बम और डॉग स्क्वाड के साथ पूरे कोर्ट परिसर की चेकिंग की, यहां तक कि कूड़े-कचरे को भी खंगाल डाला।



### पॉक्सो कोर्ट में जारी रही सुनवाई, एक बजे पहुंचे अधिकारी

**हल्द्वानी।** धमकी भरा ई-मेल सुबह 8 बजे आ चुका था, लेकिन पुलिस की सख्ती सिविल और दंड न्यायालय में अधिक नहीं देखी गई। पुलिस ने परिसर को पूरी तरह से खाली नहीं किया। धमकी का समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस की ओर से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखी। दोपहर एक बजे एसपी सिटी मनोज कत्याल मौके पर पहुंचे, उसके बाद ही पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। यह पुलिस की लापरवाही का उदाहरण माना जा रहा है, क्योंकि धमकी का समय बीतने के बाद ही तलाशी शुरू की गई।





## नैनीताल: पुलिस ने खाली कराई कोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ऑल इंडिया जजेस संगठन की मेल पर जिला न्यायालय नैनीताल में जजों के चेंबर में आरडीएक्स लगाने की मेल से सोमवार को हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर खाली कराकर चैकिंग की हांलाकि शाम तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस जानकारी के अनुसार जिला जज की मेल आईडी पर जिला न्यायालय में जजों के जैंबर में आरडीएक्स लगाने की मेल मिली थी। सूचना मिलते ही कोर्ट में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर खाली करा दिया। एसपी डा. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम समेत बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड कोर्ट परिसर में चैकिंग की लेकिन शाम तक पुलिस को किसी प्रकार की कोई संवेदनशील सामग्री या बम नहीं मिला है। एसपी डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि मेल के आधार पर कोर्ट परिसर में हर कमरे में चैकिंग की गयी। सुरक्षा की दृष्टि से कोर्ट परिसर खाली कराकर जांच की है जिसमें कोई बम या कोई वस्तु नहीं मिली। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है।





### दो बजे के बाद हुआ कामकाज

**नैनीताल।** जिला कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कोर्ट परिसर में सरकारी कामक. ाज काफी प्रभावित रहा। अपराह्न दो बजे के बाद पुलिस की ओर से सघन तलाशी लिए जाने के बाद फिर से कामकाज सामान्य हो सका।

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**नैनीताल।** कार्यालय लिपिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला जज को ई-मेल पर मिले संदेश व पुलिस की जांच के बाद कार्यालय लिपिक कमलेश जोशी की ओर से तल्लीताल थाने में तहरीर देकर कहा है कि सोमवार को सुबह 10.05 बजे जब जिला जज की कार्यालयी ई-मेल को लॉगइन करने पर 8.41 बजे पर सननिया दशन आउटलुक डाट कॉम एड्रेस से एक मेल प्राप्त हुई थी। मेल में लिखा गया था कि आपके कोर्ट के जज के चेंबर में 12 आरडीएक्स आईईडी लगाए गए हैं जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडु में ईडबलूएस आरक्षण लागू होने से रोके, 12.15 बजे तक सभी को खाली करा लें। एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 (एफ) व बीएनएस की धारा 351(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### बीडीएस टीमों ने तुरंत लिया एक्शन

**नैनीताल।** एसएसपी डा. मजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों ने जिला कोर्ट परिसर में बीडीएस टीमों के माध्यम से प्रभावी चेकिंग प्रिस्किंग कार्रवाई की। पुलिस कप्तान ने जनता से भी धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस टीमों की ओर से एसओपी के तहत सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।

## राजन सिंह मेहरा ने वकीलों से मांगा समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कल यानि आज मंगलवार को होने जा रहे बार काउंसिल के चुनाव में प्रत्याशी राजन सिंह मेहरा पूर्व सचिव हल्द्वानी बार एसोसिएशन ने अपने समर्थकों के साथ हल्द्वानी स्थित दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय लेबर कोर्ट एसडीएम कोर्ट तहसील कमर्शियल कोर्ट में अधिवक्ताओं से उनके समर्थन में प्रथम वरीयता का वोट देने के लिए आग्रह किया। इस दौरान हल्द्वानी के युवा और बुजुर्ग अधिवक्ताओं से उन्हें उत्साहपूर्ण सहयोग मिल रहा था। इस दौरान राजन मेहरा ने बताया कि वह 2022 से लगातार अधिवक्ताओं से संपर्क कर चुनाव की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल के चुनाव 2023 में होने थे, क्योंकि बार काउंसिल के सदस्य 5 वर्षों के लिए चुने जाते हैं, लेकिन वर्तमान कार्यकारिणी 8 साल तक कार्यरत रही, जिससे चुनाव में देरी हुई। मेहरा ने चुनाव में उतरने का मुख्य कारण पिछले 25 वर्षों से अधिवक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी बताया और विश्वास दिलाया कि यदि वे बार काउंसिल में चुनकर आते हैं, तो उनका प्राथमिक उद्देश्य अधिवक्ताओं के हितों की सुरक्षा होगा। राजन मेहरा ने उत्तराखंड के सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाएं और मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें समस्त बार एसोसिएशनों के अधिवक्ताओं का सहयोग मिल रहा है, और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिवक्ता उन्हें पहले वरीयता का वोट देकर विजय बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगभग 25,000 रजिस्टर्ड अधिवक्ता हैं, जिनमें से सिर्फ 14,700 को ही मतदान का अधिकार मिला है, जो एक षड्यंत्र हो सकता है।

## ऑपरेशन क्रैकडाउन वेरिफिकेशन ड्राइव शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑपरेशन क्रैकडाउन वेरिफिकेशन ड्राइव शुरू किया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिले में सघन सत्यापन एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को विशेष टीमें गठित कर 15 फरवरी से एक माह तक लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र एवं एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में पुलिस की टीम आश्रमों, होम स्टे, होटल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, फैक्ट्रियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं किराये पर रहने वाले संदिग्ध



व्यक्तियों का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्रों में स्थित होटल, धर्मशाला, आश्रम, गेस्ट हाउस, होम स्टे, हॉस्टल एवं फैक्ट्रियों का रिकॉर्ड तैयार कर सत्यापन, निजी एवं सार्वजनिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों एवं बाहरी व्यक्तियों की पहचान जांच, अन्य राज्यों एवं देशों से आकर किराये, पीजी, हॉस्टल या गेस्ट हाउस में रह रहे छात्र-छात्राओं का सत्यापन, संदिग्ध एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर रखकर जनपदीय पुलिस, एलआईयू एवं एसओजी/एसटीएफ के माध्यम से निगरानी और मकान मालिकों से किरायेदारों का विवरण संबंधित थाने में उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने आसपास रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों, असामान्य गतिविधियों, बाहरी भाषा, भेष-भूषा अथवा लगातार आवाजाही करने वालों की जानकारी गोपनीय रूप से पुलिस को दें। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपराधिक या असामा. जिक तत्व को समय रहते कार्रवाई के दायरे में लाना है।

## रक्तदान और एनीमिया जांच शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा सोमवार को लामाचौड़ स्थित एमआईईटी शिक्षा नगर में रक्तदान एवं एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। जिनमें से 30 यूनिट रक्त सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के लिए एकत्रित किया गया। शिविर के दौरान 23 छात्राओं का एनीमिया जांच बेस अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा किया गया, जिनमें से 11 छात्राएं एनीमिक पाई गईं। इस आयोजन में मुख्य रूप से प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, एमआईईटी कुमाऊं नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. स्वपना वरुघेश, सचिव डा. निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, डा. अभिषेक मित्तल, एकता अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सीमा बख्शी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## रामजी व बागनाथ ने जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर की सीनियर वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन सोमवार को गौलापार स्थित एमएस क्रिकेट ग्राउंड में हुआ। जिला लीग में कुल आठ क्लब प्रतिभाग कर रहे है। उद्घाटन मुकाबला रामराज क्रिकेट क्लब और नीरज राठौर क्रिकेट क्लब रेड के बीच खेला गया। पहले मुक. ाबले में रामराज क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीरज राठौर क्रिकेट क्लब की टीम ने 41वें ओवर में 153 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राम. राज क्रिकेट क्लब की टीम ने 31वें ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जबकि दूसरा मुकाबला जीएनजी मैदान में बागनाथ क्रिकेट क्लब और आर्यन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। बागनाथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 437 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आर्यन क्रिकेट क्लब की टीम ने 50 ओवर में सात विकेट खोकर 373 रन बनाए, और बागनाथ क्रिकेट क्लब ने यह मुक. ाबला 64 रन से जीत लिया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के अध्यक्ष राम चंद पाण्डेय, सचिव रमेश दानू, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व संयुक्त सचिव सुरेश सोनियाल आदि मौजूद रहे।

### सचिवालय की हॉकी टीम नई दिल्ली रवाना

**हल्द्वानी।** सोमवार को उत्तराखंड सचिवालय की हॉकी टीम नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई, जहां 17 से 28 फरवरी तक अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड राज्य से पांच खिलाड़ी चयनित हुए हैं, जिनमें नैनीताल जनपद से उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, शिक्षा विभाग के व्यायाम शिक्षक सुरेंद्र सिंह अधिकारी, युवा कल्याण विभाग के व्यायाम प्रशिक्षक हरीश नेगी, और महिला वर्ग से शिक्षा विभाग की कंचन रावत, नंदी कश्मीरा और नीमा शाह शामिल हैं। उत्तराखंड की पुरुष टीम को ग्रुप जी में गुजरात, तेलंगाना और बिहार की टीमों के साथ रखा गया है। टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान प्राप्त करना होगा।

### महिला का पिट्ठू बैग चोरी

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को एक महिला का पिठ्ठू बैग चोरी हो गया। पीड़िता के पति की ओर से मिली तहरीर के आधार पर जीआरपी पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मंगल सिंह ने जीआरपी थाना काठगोदाम को सौंपी तहरीर में कहा कि वह अपनी पत्नी प्रज्ञा सिंह के साथ 14 फरवरी को देहरादून से काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। जब ट्रेन 15 फरवरी की सुबह काठगोदाम स्टेशन पहुंची, तो किसी ने उनकी पत्नी का पिठ्ठू बैग चोरी कर लिया। बैग में मोबाइल, लैपटॉप, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। जीआरपी पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मंडी में सुरक्षा होगी चौकस: एसएसपी

### डबल मर्डर की घटना के बाद पुलिस व मंडी की संयुक्त कमेटी गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिन मंडी परिसर के अंदर हुए डबल मर्डर मामले में पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। इसको लेकर सोमवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सख्त निर्देश दिए कि मंडी क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करे जिससे अराजक तत्वों पर रोकथाम हो सकें। बैठक के दौरान मंडी समिति एवं पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी बनाई। जिसमें मंडी, फायर, पुलिस को शामिल किया गया। इस कमेटी द्वारा मंडी



परिसर का सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि मंडी परिसर में सतत निगरानी के लिए एक सीसीटीवी ग्रिड तैयार किया जाएगा, मंडी सचिव को परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि विजिबिलिटी बढ़ सके।, मंडी गेट पर प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही मंडी में कार्य करने वाले सभी मजदूरों और श्रमिकों का सत्यापन किया जाएगा। प्रत्येक आढ़ती, मजदूर या कर्मचारी को मंडी समिति द्वारा एक आईडी कार्ड भी प्रदान किया जाएगा। जबकि मंडी परिसर की कैंटीन रात्रि 9 बजे से सुबह 3 बजे तक बंद रहेगी। मंडी परिसर में स्थित भवनों की छतों और ऊंचाई वाले स्थानों पर जाने वाले सभी रास्तों और सीढ़ियाँ बंद की जाएंगा। बैठक में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव दिग्विजय सिंह देव, कोतवाल विजय सिंह मेहता सहित मौजूद रहे।

## चोरगलिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

### उत्तराखंड संस्कृति निदेशालय, देहरादून के सहयोग से देववाणी परोपकार मिशन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिशु मंदिर प्रांगण चोरग. लिया में उत्तराखंड संस्कृति निद. ेशालय देहरादून के सहयोग से देववाणी परोपकार मिशन हरिद्वार द्वारा उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर चोरगलिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक एवं मिशन अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 सांस्कृतिक दलों ने प्रतिभाग लिया। प्रतिभागियों ने कुमाऊनी और गढ़वाली भाषा में नाटक, गायन, भाषण, लोकनृत्य, जागर एवं छोलिया जैसे पारंपरिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में जागर विधा में एलाइट पब्लिक स्कूल, गोलापार तथा कुमाऊनी नृत्य में हेरिटेज कॉन्वेंट



पब्लिक स्कूल को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को कुमाऊनी नृत्य में मिला, जबकि तृतीय स्थान हीरा कुंवर पब्लिक स्कूल, गोलापार को छोलिया नृत्य में प्राप्त हुआ। विजेताओं को नगद राशि, शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुमाऊं रेजीमेंट ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। भाषण प्रतियोगिता में हर्षवर्धन रावत हीरा कुंवर स्कूल तथा नृत्य में नेहा बिनवाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश चंदोला ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। निर्णायक मंडल में पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र सिंह, रविंद्र गोस्वामी, उमा मेहता, कमला मेहता और देवकी देवी ने सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी मिशन अध्यक्ष ईश्वर सुयाल, दीपक चौसली, प्रधानाचार्य प्रकाश परगई, मोहन सिंह चौहान, अभिषेक बेलवाल, ग्राम प्रधान दीपक ज्योति चौसली, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज गडकोटी, कमल दुर्गापाल, राहुल पानू, मंगल धामी, चंदन चौहान, नेत्र सिंह बिष्ट, पुष्पा भट्ट, लता सुयाल, उमा, कनिका, सोहित सुयाल, दक्ष, लता बिष्ट, उमा बिष्ट, पूजा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### चतुर बोरा किसान के सदस्य बने

**हल्द्वानी।** भाजपा नेता चतुर सिंह बोरा को उत्तराखंड राज्य किसान आयोग का सदस्य नामित किया गया है। इस संबंध में अपर सचिव एमएम सेमवाल की ओर से औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। बता दे कि चतुर सिंह बोरा लंबे समय से किसान हितों और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे है। सदस्य नामित किए जाने पर चतुर सिंह बोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, सांसद अजय भट्ट तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आयोग के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## सिंथिया स्कूल में खेल सप्ताह का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक सप्ताही खेल सप्ताह का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल सप्ताह के दौरान करीब 700 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सीधी भागीदारी की और बड़ी संख्या में मेडल जीते। खेल सप्ताह के अंतर्गत बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, खो-खो, वॉलीबॉल एवं फन गेम्स सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं। फन गेम्स में नर्सरी से यशस्वी, एलकेजी से इशांत, यूकेजी से यतिन, कक्षा एक से दक्षित व रियांशी, कक्षा दो से दिव्यांशी गुरूरानी व निखिल जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में वैष्णवी व आरव की टीम तथा दिव्यांशी व अक्षत की टीम ने विजय हासिल की। क्रिकेट में सार्थक, अवित, संकल्प, अभिनव व ध्रुव की टीम विजेता रही, जबकि वॉलीबॉल में याशिका व आरुष की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने कहा कि आज के समय में खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है। प्रत्येक छात्र को किसी न किसी खेल में दक्षता हासिल करनी चाहिए। निदेशक रश्मि रौतेला व प्रशासक एससी मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान खेल प्रशिक्षक एसएस कपकोटी, दीपक जोशी, रूपल बसेरा सहित ऋचा कर्नाटक, अनुराधा साह, गीता बोरा, ललित मोहन तिवारी, अंकिता जोशी, कैथरीन, नितिन पालीवाल, रमा पंत, निर्मला पांडेय, सुनीता तिवारी, धनेश्वरी बुधौरी, केसी पंत, पिंकी चौहान, ममता लोहनी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उत्पीड़न और फर्जी मुकदमों के खिलाफ पत्रकारों ने भरी हुंकार

■ एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
■ पुलिसिया बर्बरता और फर्जी मुकदमों पर जताई कड़ी नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में पत्रकारों के साथ निरंतर हो रहे उत्पीड़न, पुलिसिया बर्बरता और प्रतिशोध की भावना से दर्ज किए जा रहे फर्जी मुकदमों के विरोध में कुमाऊं युवा प्रेस क्लब ने आवाज उठाई है। क्लब के अध्यक्ष सौरभ गंगवार के नेतृत्व में पत्रकारों के एक विशाल प्रति. निधिमंडल ने एडीएम पंकज उपाध्याय के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन के माध्यम से जिले के मीडियाकर्मियों में व्याप्त असुरक्षा और भारी रोष को व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा गया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रेस क्लब ने मुख्य रूप से बाजपुर, काशीपुर और रुद्रपुर के तीन गंभीर प्रकरणों को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल उच्च स्तरीय हस्तक्षेप और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। प्रतिनिधिमंडल ने बाजपुर के पत्रकार विमल भारती के मामले में पुलिस के अमानवीय व्यवहार का मुद्दा बेहद प्रखरता से उठाया। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने प्रतिशोध की भावना से काम किया और 13 नवंबर 2025 को बिना किसी पूर्व सूचना के विमल भारती के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। उन्हें हिरासत में लेकर बन्नाखेड़ा चौकी में अमानवीय यातनाएं दी गईं और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। ज्ञापन में इस बात पर गहरा दुख व्यक्त किया गया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कोई आंच नहीं आई है। इसी क्रम में काशीपुर के पत्रकार हिमांशु ठाकुर पर दर्ज मुकदमे को पूरी तरह आधारहीन और फर्जी करार देते हुए क्लब ने कहा कि पुलिस ने साक्ष्यों और ऑडियो की गहन जांच किए बिना ही मुकदमा दर्ज कर लिया, जो सीधे तौर पर स्वतंत्र पत्रकारिता की कलम को दबाने का प्रयास है। साथ ही, रुद्रपुर के वरिष्ठ पत्रकार रूपेश सिंह के विरुद्ध असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर की जा रही अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियों पर भी कड़ा एतराज जताया गया। अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि पत्रकारों का उत्पीड़न तत्काल बंद नहीं हुआ और इन प्रकरणों में न्याय की प्राप्ति नहीं हुई, तो जनपद का समस्त पत्रकार समुदाय एकजुट होकर सड़कों पर उतरने और उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा। यहां हरविंदर सिंह चावला, ललित राठौर, रूपेश सिंह, बरजीत सिंह,भानु चुग, अभिषेक शर्मा, सत्यजीत सरकार, गुरविंदर सिंह गिल, विजय गुप्ता, आकाश गंग. वार, महेंद्र पाल मौर्य, राकेश अरोड़ा, दीपक शर्मा, राजकुमार शर्मा, शुभोधुति मंडल, गोपाल भारती, शुरभूतों गोस्वामी, संजीव गायन, नरेंद्र राठौड़, अमन सिंह, सूरज सिंह, कश्मीर राणा, आशीष छाबड़ा आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## नगर में निकाली भव्य बाबा महाकाल की बारात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मझोला महाशिवरात्रि के पावन पर पर मझोला क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। ग्राम सभा के ऐतिहासिक मझोला शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा, लेकिन आकर्षण का मुख्य केंद्र रही शाम को निकल गई बाबा महाकाल की भव्य बारात।

श्रद्धालुओं के जयकारों और डमरू की गूंज के बीच निकली इस बारात में देवलोक सा नजारा देखने को मिला। बारात में शिव पार्वती की जीवंत झांकी के साथ-साथ भूत पिशाच नदी और विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूपों ने सबका मन मोह लिया। स्थानीय बैंड बाजा द्वारा बजाए गए शिव भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। पूरे रास्ते बम बम भोले और जय महाकाल के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा। कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए जब बाबा महाकाल की बारात गुजरी तो जगह-जगह स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने उसे पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। मंदिर समिति और स्थानीय लोगों द्वारा भीड़ को देखकर सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष साज सज्जा और लाइटिंग की व्यवस्था की गई। पूजा पाठ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और इसी खुशी के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर महंत समुद्र गिरी, राजेश पटेल, सरजू, अरविंद पटेल, ओम पटेल, कुशल पटेल, रवि शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, शुभम पटेल, तेजपाल पटेल, राजू जोशी, बाबू मोरिया आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### थारू इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव समारोह बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी सहभागिता निभायी।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य, कला, विज्ञान एवं अटल टिंकरिंग गतिविधियों की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### कोतवाल नरेश चौहान को फल विक्रेताओं ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बेरिया रोड स्थित फल ठेला विक्रेताओं ने नरेश चौहान को भीमराव अंबेडकर का चित्र एवं पटका भेंट कर फूल-मालाओं से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड वाल्मिकी दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मिकी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में कोतवाल नरेश चौहान द्वारा बेरिया रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था, जिसमें फल ठेलों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसके बाद कोतवाल ने नाले के पीछे से छह फीट की निर्धारित जगह फल विक्रेताओं को आवंटित की, जहां अब सभी विक्रेता उसी स्थान पर अपना व्यवसाय करेंगे। कोतवाल नरेश चौहान ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित फल विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अरविंद कुमार, राजू दिवाकर, पप्पू दिवाकर, धर्मवीर दिवाकर, विक्की चंद्रा, सुमित चंद्रा, सुनील कुमार, भाग सिंह, राकेश सागर, रामचंद्र, अनिल गुप्ता, अभिषेक चंद्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसपी अजय गणपति कुमार के आदेश पर जनपद में सघन चेकिंग अभियान के तहत देर रात्रि बरहैनी क्षेत्र में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।


अभियान के दौरान बरहैनी क्षेत्र सहित बाजपुर और पूरे जनपद में पुलिस टीमों ने देर रात तक वाहनों की सघन जांच की। बरहैनी पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में नैनीताल रोड के मुख्य चौराहों, संवेदनशील मार्गों और बाहरी क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की गहन तलाशी ली गई।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा वाहन दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट/सीट बेल्ट की जांच की गई। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए यातायात नियमों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

## सरस आजीविका मेला-हुनर, संस्कृति और सशक्तिकरण का महासंगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर सरस आजीविका मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की ग्रामीण आत्मा और नारी शक्ति के अदम्य साहस का उत्सव है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की इस अनूठी पहल के माध्यम से देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला शिल्पकार अपने हुनर, कला और अपनी परंपराओं को शहर तक लेकर आती है। सरस महत्वसव-2026 विविधता में एकता का एक जीवंत उदाहरण है। 10 दिनों तक यह मंच हस्तशिल्प और हथकरघा, ग्रामीण उत्पाद अनमोल विरासत का साक्षी बनेगा, जहां एक ओर आपको कई प्रदेशों के पारंपरिक स्वाद चखने को मिलेगा वहीं दूसरी ओर हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल आपकी रूह को




सुकून देगी। परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी ने बताया कि सरस मेले में जनपद व विभिन्न प्रदेशों के 180 स्टाल लगाए गए है। सरस मेले में विगत दो दिनों में स्टालों द्वारा 23 लाख 67 हजार 777 रुपये की बिक्री की गई है।

## दोराहा क्षेत्र में पुलिस का घर-घर सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी की अगुवाई में दोराहा क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर बाहरी राज्यों व अन्य जनपदों से आकर रह रहे किरायेदारों का सत्यापन किया। इस दौरान किरायेदारों से आवश्यक दस्तावेज एवं पहचान पत्रों की गहन जांच की गई। वहीं जिन मकान मालिकों द्वारा अब तक किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया गया है, उन्हें अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे अपने यहां रहने वाले सभी किरायेदारों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं, जिससे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। अभियान के दौरान एएसआई सुनील कुमार, विजय बिष्ट, राजेश नाथ, संजय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बर्ड वॉचिंग और पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेले के तृतीय दिवस में वन विभाग के समन्वय से विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और उपस्थित स्कूली बच्चों तथा आम जन-मानस को जागरूक करते हुए कई उपयोगी जानकारियां साझा की गई।

डा. रमन (Director Nature Science Initiative Organization) द्वारा Suistanable Lifestyle gsrq Behaviour Change पर बताया कि छोटे-छोटे व्यक्तिगत बदलाव जैसे संसाधनों का संतुलित उपयोग, प्लास्टिक कम करना, ऊर्जा बचत और प्रकृति अनुकूल जीवनशैली मिलकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। पक्षी प्रेमी राज. `श भट्ट द्वारा बर्ड वॉचिंग के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि पक्षी जैव विविधता के सूचक हैं और उनकी पहचान, व्यवहार व आवास को समझना संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक है। राजीव बिष्ट (पक्षी प्रेमी) द्वारा बर्ड वॉचिंग से रोजगार के अवसरों पर चर्चा की गयी और स्थानीय लोगों को बर्ड वॉचिंग और उससे मिलने वाले रोजगार के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां



दी गयीं। केएस सजवाण सेवा निवृत्त मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वन विभाग द्वारा म्जीपबंस ठपतकपदह को समझाते हुये आम जन-मानस और स्कूली बच्चों को बताया गया कि पक्षियों को बिना डिस्टर्ब किये, उनके वास-स्थल का सम्मान करते हुये, उनकी नैस्टिंग साईट से दूरी बनाकर बर्डिंग करनी चाहिये तथा उनका संरक्षण करना चाहिये।

नानकमत्ता पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा जिया कठायत द्वारा स्कूली बच्चों से प्रकृति व पक्षियों से प्रेम करने हेतु संवाद किया गया। जिया कठायत को Young Birder U-S में भी चयन किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी तराई केन्द्रीय वन प्रभाग यूसी तिवारी द्वारा सरस मेले के अवसर पर पर्यावरण सन्तुलन तथा पर्यावरण संरक्षण में आम जन-मानस के योगदान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। विभिन्न स्कूलों द्वारा बच्चों को सरस मेले का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाग, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर, एसडीओ वन शशि देव सहित स्कूली विधार्थी, वन विभाग के कार्मिक व जनता मौजूद थी।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र अंकुश सागर व उसकी पत्नी गीता सागर को उनके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उनसे अपने व अपने परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा अंकुश सागर व उसकी पत्नी गीता सागर को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का अंकुश सागर व उसकी पत्नी गीता सागर से कोई वास्ता-सरो. कार नहीं है।

**गुड्डू सागर पुत्र श्री फूल चरन निवासी-वार्ड-08 थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र विश्वकर्मा वर्मा व उसकी पत्नी दिप्ता यादव तथा पुत्र सोनू वर्मा उसकी पत्नी बबीता यादव को उनके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उनसे अपने व अपने परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं तथा पुत्र विश्वकर्मा वर्मा तथा पुत्र सोनू वर्मा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का विश्वकर्मा वर्मा व उसकी पत्नी दिप्ता यादव तथा पुत्र सोनू वर्मा उसकी पत्नी बबीता यादव से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**राज कुमार वर्मा पुत्र श्री हीरा लाल वर्मा, निवासी-08 कल्याणी व्यू रविन्द्र नगर, रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

## न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नैनीताल जिला न्यायालय को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। धमकी भरे ईमेल में जजों के चैंबर में आरडीएक्स लगाए जाने का दावा किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और कोर्ट परिसर को एहतियातन खाली करा लिया गया।

नैनीताल स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय को उस समय बड़ी धमकी मिली जब ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन के नाम से एक ईमेल भेजकर कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई,यह ईमेल नैनीताल के जिला जज समेत जिले के अन्य न्यायालयों को भी प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया कि जजों के चौंबर में 12 आरडीएक्स बम और आईडी लगाए गए हैं। साथ ही तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस आरक्षण को रोके जाने की मांग भी की गई है। मेल में स्पष्ट तौर पर कोर्ट परिसर को तत्काल खाली कराने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही नैनीताल, हल्द्वानी और रामनगर समेत जिले की सभी अदालतों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। जिला न्यायालय परिसर में पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने सघन जांच अभियान शुरू किया। कोर्ट रूम, जजों के चौंबर, वकीलों के कार्यालय और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। धमकी के चलते सुबह से ही अदालती कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। सुरक्षा के मद्देनजर वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और आम नागरिकों को परिसर से बाहर कर दिया गया। पूरे इलाके को पुलिस ने घेराबंदी कर सील कर दिया है।

रामनगर कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि जिला जज कोर्ट सहित अन्य न्यायालयों को मिले धमकी भरे ईमेल के बाद एहतियातन पूरा कोर्ट परिसर खाली कराया गया है। सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इसी तरह के धमकी भरे ईमेल देश की अन्य अदालतों को भी भेजे गए हैं।

## रुद्रपुर में आस्था का बड़ा केन्द्र बनेगा भव्य शिव कॉरिडोर: विकास शर्मा

■ मुख्यमंत्री की पांच बड़ी घोषणाओं से बदलेगी शहर की तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई नई घोषणाएं रुद्रपुर के विकास की नई तकदीर लिखेंगी। उन्होंने कहा कि शिव कॉरिडोर सहित कुल पांच नई घोषणाएं करके मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर वासियों की भावनाओं का सम्मान किया है। महापौर ने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर जल्द काम शुरू होगा और इन नए कार्यों से रुद्रपुर को पूरे प्रदेश में एक नई पहचान मिलेगी।

सोमवार को महापौर विकास शर्मा ने शिव कॉरिडोर का हिस्सा बनने जा रहे नीलकंठ धाम में रुद्राभिषेक किया और इसके पश्चात नगर आयुक्त शिप्रा जोशी व नगर निगम की टीम के साथ प्रस्तावित शिव कॉरिडोर के लिए नीलकंठ धाम, शिव मंदिर और



गोल्ज्यू मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए महापौर ने कहा कि नीलकंठ धाम वही स्थान है जिसकी भूमि को लेकर उन पर कुछ लोग अनर्गल आरोप लगाकर उन्हें भूमाफिया घोषित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आज सच्चाई सबके सामने है कि यह भूमि उनके व्यक्तिगत हित के लिए नहीं बल्कि ऐतिहासिक शिव कॉरिडोर का हिस्सा बनने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नीलकंठ धाम के पास छह एकड़ भूमि को कालनेमियों के कब्जे से मुक्त कराया गया था, जिस पर अब शिव कॉरिडोर का सपना साकार होगा। महापौर ने कहा कि गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानसखंड कॉरिडोर में तीन मंदिरों को जोड़ने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत गंगापुर रोड स्थित नीलकंठ धाम, गोल्ज्यू मंदिर और आस्था के केन्द्र शिव मंदिर के साथ ही गुरुचांद मंदिर परिसर का कायाकल्प होगा। इन मंदिरों को एक साथ जोड़ते हुए त्रिभुजाकार स्वरूप दिया जाएगा और यहां पर नीलकंठ भवन के साथ ही 51 फुट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की जाएगी। शिव कॉरिडोर के लिए एक अलग से मार्ग बनाया जाएगा।

यह कॉरिडोर रुद्रपुर में आस्था का बड़ा केन्द्र बनकर उभरेगा। इसे पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। महापौर ने मुख्यमंत्री की अन्य बड़ी घोषणाओं का विवरण देते हुए बताया कि खेड़ा में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर पर्यावरण मित्रों के लिए अत्याधुनिक सरकारी आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भूरारानी रोड और गंगापुर रोड के चौड़ीकरण को मंजूरी दी गई है। अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी तक 'मिनी बाईपास' के निर्माण का भी ऐलान मुख्यमंत्री ने किया है, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम होगा। पत्रकार वार्ता में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय, मंदिर के महंत प्रकाश, शिव कुमार राय, पार्षद सुशील चौहान, चिराग कालरा, हरि अधिकारी, एमपी मौर्या आदि भी मौजूद रहे।

### त्रिशूल चौक के बाद अब डमरू चौक का नंबर

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर को भगवान शिव की नगरी का स्वरूप प्रदान करने के लिए त्रिशूल चौक की स्थापना के बाद अब डमरू चौक की तैयारी शुरू हो गई है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम ने विभिन्न चौराहों को नई धार्मिक पहचान देने का खाका तैयार किया था, जिसके तहत इंदिरा चौक पर भव्य त्रिशूल पहले ही स्थापित किया जा चुका है। इसी तर्ज पर अब डीडी चौक को डमरू चौक के रूप में सजाने के लिए मुख्यमंत्री ने शिलान्यास कर दिया है। 24 लाख रुपये की लागत से डीडी चौक को डमरू चौक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और धार्मिक महत्ता में वृद्धि होगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास और सौंदर्यीकरण का यह सिलसिला भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## गुंजन सुखीजा ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

■ महावीर नगर में सड़क का शिलान्यास, ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर आवागमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महावीरनगर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए 'मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना' के तहत बनने वाली सड़क का विधिवत शुभारंभ किया गया। लगभग 77 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली यह 900 मीटर लंबी सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन को आसान बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति प्रदान करेगी।

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुंजन सुखीजा ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना का उद्देश्य प्रत्येक गांव को सुगम और सुदृढ़ मार्ग से जोड़ना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को लंबे समय से झेलनी पड़ रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े कार्यों में भी सुविधा बढ़ेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रा. `वर, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, तिलक राज गंभीर, अशोक वर्मा, मनोहर प्रकाश, ग्राम प्रधान मयंक कालरा, किरण रानी, गौरव रहलन, उदित वर्मा, परमजीत पम्मा, वंश वर्मा, शुभम वर्मा, अनिल छाबड़ा, शांटी वर्मा, बलवीर सिंह, राजेंद्र सैनी, पवन राजपूत, जसवीर चीमा,राजन गावड़ी,विजय वर्मा,प्रेम सचदेवा, सुरेंद्र गावड़ी, संदीप रहलन,जसवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेरिया रोड पर पानी की बर्बादी

■ होंडा शोरूम के पास बह रहा हजारों लीटर जल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शहर के बेरिया रोड स्थित होंडा शोरूम के पास इन दिनों जल की भारी बर्बादी देखने को मिल रही है। सड़क किनारे पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण रोजाना हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई घंटों से पानी सड़क पर बह रहा है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय दर्शक संजय यादव द्वारा



वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार एक ओर जहां कई इलाकों में पानी की किल्लत बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह खुलेआम जल बर्बादी चिंता का विषय है। सड़क पर लगातार पानी बहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने उत्तराखंड जल संस्थान व संबंधित विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर लीकेज ठीक कराने की मांग की है, ताकि जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो। जल संरक्षण की बात केवल नारों तक सीमित न रह जाए। इसके लिए जिम्मेदार विभागों को समय रहते कार्रवाई करनी होगी।


## कलश यात्रा को लेकर महिला संगठनों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आगामी 24 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत प्रस्तावित कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर सोमवार को शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय सेविका समिति, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति एवं राष्ट्रीय महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सम्मेलन के सह संयोजक यशपाल राजहंस ने महिला शक्ति से आह्वान किया कि वे कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने क्षेत्रों की अन्य महिलाओं को भी इस धार्मिक आयोजन से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा सम्मेलन का महत्वपूर्ण अंग है और इसकी सफलता में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत अहम है। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों ने विश्वास जताया कि कलश यात्रा में क्षेत्र की महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेंगी और कार्यक्रम को सफल बनाएंगी। इस अवसर पर जिला संघ चालक हरीश वर्मा, सम्मेलन के सह संयोजक गोविंद जी, विकास गुप्ता, नगर संघ चालिका शिवप्यारी पांडे, पूजा जिंदल, लता गोयल, कुसुम सैनी, प्रतिभा सक्सेना, चारु गुप्ता, दर्शना गोयल सहित अनेक महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध: एडीएम

■ जनसुनवाई दिवस आयोजित, अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान
■ जनसुनवाई में उठीं 20 समस्याएं, एडीएम ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता
**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनसुनवाई दिवस आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगर क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर लगभग 20 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान अपर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल लाइनों की मरम्मत, दूषित जलापूर्ति, आपदा संबंधी समस्याएँ, राष्ट्रीय राजमार्ग, अवैध कब्जे, मलबा निस्तारण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान युवक मंगल दल कुशोल के अध्यक्ष द्वारा चण्डिकाघाट स्थित मेला स्थल पर कटाव की समस्या उठाई गई तथा सुरक्षा कार्य कराने की मांग की गई। इस पर अपर जिलाधिकारी ने जल निगम पिथौरागढ़ को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान तत्काल संभव नहीं है, उनके लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जाए, नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को कार्यवाही की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के उपरांत अपर जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय समाच.ार पत्रों में प्रकाशित जनहित से जुड़े समाचारों की समीक्षा भी की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुलडोजर कार्रवाइयों पर लगाई जाए रोक: समिति




शाह टाइम्स संवाददाता
**रामनगर।** वन ग्राम पूछड़ी में ग्रामीणों ने बैठक कर उत्तराखंड में वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने और वनध्भूमि पर बसे सभी लोगों को मालिकाना हक दिये जाने, 2016 का मालिन बस्ती अधिनियम पर अमल करने और किसी भी व्यक्ति को बेदखल किए जाने से पूर्व उसकी सहमति के साथ उसका पुनर्वास सुनिश्चित किये जाने आदि मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 17 फरवरी, मंगलवार को सैनी धर्मशाला हरिद्वार मे आयोजित सम्मेलन में शामिल होने का निर्णय लिया है।

इस जन सम्मेलन में कुमाऊं और गढ़वाल के कौने कौने से प्रभावित जन समुदाय के लोगों के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार ने बताया कि हरिद्वार सम्मेलन में बेदखली मार झेल रहे ग्रामीण और शहरी बस्तियों के लोगों को पहली बार एक मंच लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, बग्गा चौवन आदि स्थानों पर भी संपर्क किया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता को माई बाप बताकर नेता जनता से वोट लेते हैं और सत्ता पाने के बाद उन्हीं वोट देने वाली जनता को अवैध और घुसपैठिया बताकर उसे बेदखल करने की साजिशें करने लगते हैं। जिसके खिलाफ सशक्त आंदोलन आवश्यक है।

## एक नजर

# गुरना शिविर में जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता
**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत गुरना के पंचायत घर गुरना में एक भव्य एवं सफल शिविर का आयोजन जिलाधिकारी श्री आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



**जन-जन की सरकार शिविर में 119 शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से सीधे लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षजितेन्द्र प्रसाद एवं महापौर कल्पना देवलाल सहित लगभग 80 जनप्रतिनिधि तथा 72 अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 520 लोगों ने प्रतिभाग किया, जबकि कुल 817 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान कुल 140 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 119 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 21 शिकायतें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गईं। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

# हरी सिंह नेगी का विपक्ष पर पलटवार बोले 'मैं वकील हूं, प्रॉपर्टी डीलर नहीं'



शाह टाइम्स संवाददाता
**बाजपुर/काशीपुर।** उत्तराखंड में 17 फरवरी को प्रस्तावित बार काउंसिल चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। काशीपुर से प्रत्याशी हरी सिंह नेगी एडवोकेट ने अपने विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे पेशे से वकील हैं और पूरी निष्ठा से वकालत ही करेंगे, किसी प्रकार की प्रॉपर्टी डीलिंग से उनका कोई संबंध नहीं है।

नेगी ने विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को निराधार और भ्रामक बताते हुए कहा कि चुनावी माहौल को प्रभावित करने के उद्देश्य से झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा जीवन अधिवक्ताओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। अपने पिछले कार्यकाल का उल्लेख करते हुए नेगी ने दावा किया कि उन्होंने बार के विकास और अधिवक्ताओं की सुविधाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। वकीलों की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय को मजबूत करने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के प्रयास उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर उनके अनुभव, कार्यशैली और अधिवक्ताओं के हित में किए गए कार्यों के आधार पर अपना निर्णय लें।

# मोटरमार्ग पर अनियमितताओं को लेकर उबाल



■ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में पीएमजीएसवाई कार्यालय का घेराव

शाह टाइम्स संवाददाता
**ओखलकांडा।** विकासखंड ओखलकांडा अंतर्गत हरीशताल-कौन्ता-स्युड़ा मोटरमार्ग में कथित अनियमितताओं और घटिया डामरीकरण को लेकर क्षेत्र में जनाक्रोश खुलकर सामने आ गया। क्षेत्र की जनता ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी मुद्दे को लेकर आज ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कार्यालय, काठगोदाम पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यालय का घेराव कर विभागीय अधिकारियों के समक्ष निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर तीखी आपत्ति दर्ज कराई। ब्लॉक प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली सड़क में किसी भी प्रकार की लाप.रवाही, भ्रष्टाचार या तकनीकी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभाव से सड़क की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्यालय परिसर में पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

प्रदर्शन में हरीश मेवारी (यूकेडी), जिला पंचायत सदस्य डीकर मेवाड़ी, प्रकाश मटियाली, पूरन रुवाली, कमल नागदाली, कुंवर मटियाली, नरेंद्र गौनिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मार्च माह में खराब डामरीकरण कार्य को हटाकर उच्च गुणवत्ता के साथ दोबारा कराया जाएगा तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच भी सुनिश्चित की जाएगी।

क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट किया कि वे आश्वासन पर निगरानी रखेंगे और यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# 21 निर्धन कन्याओं के कन्यादान को कनाडा एनआरआई ने दिया अंशदान



■ उपहार स्वरूप घर-गृहस्थी का सामान व आशीर्वाद देकर किया विदा

शाह टाइम्स संवाददाता
**खटीमा।** कनाडा एनआरआई ने 21 निर्धन कन्याओं को घर गृहस्थी का सामान भेंट किया तथा सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। 25 साल पहले ग्राम सुनपहर छोड़ कर कनाडा के टोरंटों में बसे भारत की मिट्टी से मोहब्बत करने वाले संदीप ग्रेवाल ने गुरुद्वारा हर गोविंद सिंह साहिब में 21 निर्धन कन्याओं का विवाह विधिवत सम्पन्न कराया।

इस मौके पर ग्राम पूरनापुर प्रभजोत कौर, मझोला सुनीता, सौभाग्यवती, सदौरा, लक्ष्मी, उलानी नवनीत कौर बुडरा, जसप्रीत कौर, रविंद्र कौर, रघुलिया राजविंदर कौर, पोलीगंज सुमित्रा मंडल, हरिया गुरदीप कौर, हल्दी खुशबू, देवहा नीरू कौर, हरद.ासपुर सतनाम कौर, सितारगंज रमनदीप कौर, जमौर संदीप कौर, जादोपुर आराधना राणा सहित 21 कन्याओं को वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, बक्से, ड्रेसिंग टेबल, बेड, कुर्सियां, टेबल, अलमारी, रजाई गद्दे तथा कपड़े आदि उपहार स्वरूप नव विवाहित जोड़ों को भेंट किया गया। वहीं यूपी उत्तराखंड के 10 गरीब छात्रों को गोद लिया तथा करीब पांच लाख साठ हजार रुपये स्कूल फीस जमा कर निजी स्कूल में दाखिला दिलाया। वहीं गुरुद्वारा ग्रंथि दिलबाग सिंह व एनआरआई संदीप सिंह ग्रेवाल ने सभी नव विवाहित जोड़ों का सिख परम्परा से विवाह संपन्न कराया। इस शुभ अवसर पर गुरुद्वारे में अखंड पाठ, भोग व लंगर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व कंचनपुरी समिति अध्यक्ष जसविंदर सिंह बाजवा ने किया तथा अध्यक्षता कनाडा एनआरआई संदीप सिंह ग्रेवाल ने की। इस मौके पर सरदार सेवा सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक जसवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह औजला, परविंदर सिंह, भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, गौरी शंकर, बलजिंदर सिंह रिठू, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भरी हुंकार

शाह टाइम्स संवाददाता
**चंपावत।** अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सेविकाओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटीं कार्यकर्तियों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी संगठित शक्ति का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्तियों ने कहा कि वे वर्षों से मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण अभियान, टीकाकरण, सर्वे कार्य और विभिन्न सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें कार्य के अनुरूप मानदेय और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। महंगाई के इस दौर में वर्तमान मानदेय से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सदर अनुराग आर्य के माध्यम से मुख्यमंत्री और बाल विकास मंत्री को अलग-अलग ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मानदेय में महंगाई के अनुरूप वृद्धि करने की मांग की गई। साथ ही बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्त करने तथा सुप.रवाइजर पद पर पदोन्नति में वरिष्ठता का ध्यान रखने की बात कही गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महामंत्री विमला पनेरु, प्रदेश संगठन मंत्री गोविंदी मेहता, जिला अध्यक्ष मीना बोहरा, महामंत्री हेमंत थ्वाल, उपाध्यक्ष पुष्पा बोरा, कोषाध्यक्ष नीरू बिष्ट, लोहाघाट की ब्लॉक अध्यक्ष कविता पंत, बाराकोट की ब्लॉक अध्यक्ष दमयंती वर्मा, पाटी की ब्लॉक अध्यक्ष बबीता गहतोड़ी तथा चंपावत की ब्लॉक अध्यक्ष दीपा पांडे सहित कई कार्यकर्तियां मौजूद रहीं।

# जिला स्तरीय एनकोट समिति की बैठक संपन्न

■ नशे के खिलाफ सख्त रुख समाज को आगे आना होगा: डीएम



शाह टाइम्स संवाददाता
**चंपावत।** युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि नशा अब केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि हर परिवार और पूरे समाज की समस्या बन चुका है।

जिला स्तरीय एनकोट समिति की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा, तभी इस चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे की लत युवाओं में जंग की तरह फैलती जा रही है और किसी भी परिवार को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि यह समस्या उनके घर तक नहीं पहुंचेगी। थोड़े से आर्थिक लाभ के लिए बच्चों का सुनहरा भविष्य बर्बाद करने वाले लोग समाज के दुश्मन हैं और ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध नशे का कारोबार युवाओं को गर्त में धकेल रहा है।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि युवाओं को विशेष रूप से रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। स्कूलों और कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्ण गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# होली व पूर्णागिरि मेले से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा

■ खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान शुरू
■ बाहरी वाहनों और डेयरी उत्पादों की सघन जांच



शाह टाइम्स संवाददाता
**चंपावत।** होली पर्व और पूर्णागिरि मेले को देखते हुए जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी ने चंपावत से अभियान की औपचारिक शुरुआत करते हुए विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए।

अभियान के तहत खाद्य तेल, क्रीम, मैकरोनी, रिफाइंड ऑयल सहित बाहर से आने वाले दूध एवं दुग्ध उत्पादों के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए गए। अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान मिलावट की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए बाजारों और सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सुश्री तिवारी ने बताया कि बरेली, बदायूं, हल्द्वानी सहित अन्य क्षेत्रों से आने वाले छोटे-बड़े वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिले की सीमाओं पर भी सघन चेकिंग और नाकेबंदी जारी है, ताकि मिलावटी खोया, पनीर या अन्य मिठाई सामग्री बाजार तक न पहुंच सके। उन्होंने कहा कि चंपावत जिले में डेयरी उद्योग के विकसित होने से खोया व अन्य दुग्ध उत्पादों का पर्याप्त स्थानीय उत्पादन हो रहा है। इसके बावजूद यदि बाहर से मिलावटी सामग्री लाने या बेचने का प्रयास किया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की सूचना मिले तो तुरंत विभाग को अवगत कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# सन्तोष तिवारी को मिला पं. जगन्नाथ लहरी स्मृति सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता
**रामनगर।** साहित्य-लेखन के क्षेत्र में लगातार सक्रिय और अपने लेखन के दम पर उत्तराखण्ड के अलावा देश की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सन्तोषकुमार तिवारी निवासी पीरुमदारा रामनगर लगातार सम्मानित होते आ रहे हैं।



इस क्रम में प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट द्वारा 14-15 फरवरी को सप्तम् अंतरराष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान फिरोजाबाद में, जिसमें सन्तोष कुमार तिवारी की काव्यकृति अपने-अपने दण्डकारण्य का चयन संस्थान द्वारा किये जाने के फलस्वरुप उन्हें पंडित जगन्नाथ लहरी स्मृति डा. माखनलाल पाराशर काव्य श्री अलंकरण से सम्मानित किया गया। जिसमें अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रमाणपत्र और चेक प्रदान किया गया। गौरतलब रहे कि सन्तोष 2013 में उत्तराखण्ड आपदा के पश्चात् आपदा पर केंद्रित अपनी मार्मिक कविताओं की सीरीज के छपने के बाद चर्चा में आए। अब तक पांच किताबें लिख चुके कवि सन्तोष 20 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में राजकीय इंटर कॉलेज शंकरपुर पौड़ी गढ़वाल में प्रवक्ता हिंदी के पद पर कार्यरत हैं। रामनगर की साहित्यिक संस्था सरोकार के फाउंडर मेंबर सन्तोष कुमार तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके विद्यालय के सभी स्टाफ एवं लेखन से सरोकार रखने वाले रामनगर के साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# किसान का नहीं हो रहा 80 कुंतल धान का भुगतान



शाह टाइम्स संवाददाता
**रामनगर।** रामनगर तहसील अंतर्गत लोकमानपुर चोपड़ा गांव निवासी काश्तकार सुरेश चंद्र नैनवाल की लोकमानपुर चोपड़ा गांव में 20 एकड़ कृषि भूमि है जिसमें 15 एकड़ कृषि भूमि पर काश्तकार द्वारा धान की खेती की गई।

काश्तकार सुरेश नैनवाल बताते हैं कि उन्होंने 18 से 22 सितंबर 2025 को 80 क्विंटल, 47 ख20 कुंतल , 42ख40 कून्तल और 2 दिसंबर 2026 को 50 कुंतल और 8 दिसंबर 2025 को 23 ख20 क्विंटल धान कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर में दर्ज कराई जिसकी रसीद उनको दी गई। उन्होंने बताया कि 18 नवंबर 2025 को छोड़कर बाकी सभी तारीखों की 6 आर उनको दे दी गई जिसका भुगतान भी हो चुका है, लेकिन विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों की लापरवाही के कारण 18 नवंबर 2025 की धान की तौल कंप्यूटर में दर्ज नहीं की गई जिसके कारण उन्हें 6 आर नहीं दी गई, जिसके कारण उन्हें 80 कुंतल धान का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

इस संबंध में जब उन्होंने पीरुमदारा सहकारी समिति के संच.ालक पन्नालाल से कई बार व्यक्तिगत रूप से मोबाइल ,व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि सरकारी कंप्यूटर जिसमें काश्तकार की 6 आर दर्ज होती है, लेकिन बंद हो गयी है।

उन्होंने उन्हें सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने को कहा। काश्तकार सुरेश नैनवाल ने सीएम पोर्टल पर अपनी फरियाद लिखी और 80 कुंटल धान की पेमेंट करने का निवेदन किया।

# घर में बाइक घुसाकर हमला, मारपीट के बाद सामान लूटा

■ दो युवकों पर लगाया तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता
**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भट्टपुरी में सोमवार तड़के एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांव निवासी रेशम सिंह पुत्र हरदीस सिंह ने चौकी बरहैनी में तहरीर देकर दो युवकों पर घर में जबरन घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और सामान ले जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित रेशम सिंह के अनुसार 16 फरवरीकी सुबह लगभग चार बजे की है। वह घर में अकेले सो रहा था। इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल दरवाजा तोड़ते हुए कमरे के अंदर घुस आई। नींद खुलने पर उसने देखा कि दो युवक मोटरसाइकिल से दरवाजा तोड़कर घर में घुसे थे। रेशम सिंह का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। लात-घूंसों से हमले में उसे गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने घर में रखा सामानख्रसिलाई मशीन, एलईडी टीवी, एक रिसीवर, पंखा और पानी गर्म करने की रॉड अपने साथ ले जाने का भी आरोप है। पीड़ित का कहना है कि जाते समय दोनों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए और चेता.वनी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। रेशम सिंह ने चौकी बरहैनी, कोतवाली बाजपुर में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली जसपुर पुलिस का 'ऑपरेशन क्रैक डाउन' शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता
**जसपुर।** एसएसपी ऊधम सिंह नगर अजय गणपति के नेतृत्व में जसपुर पुलिस ने आपराधिक तत्वों और संदिग्धों के विरुद्ध 'Operation Crack Down' अभियान के तहत मोर्चा खोल दिया है। 15 फरवरी से 15 मार्च तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जनपद को पूरी तरह बाहरी अपराधियों से सुरक्षित बनाना है।

अभियान के अंतर्गत आज 16/02/2026 को कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा जसपुर में ईदगाह रोड, धर्मपुर तथा पतरामपुर क्षेत्र में किरायेदार, नौकर तथा रेडी फेरी वालो के सत्यापन कर अभियान का आगाज किया गया। सत्यापन ना होने पर एक मकान मालिक का 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 10 हजार रुपये का चालान तथा 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 04 व्यक्तियों का नगद चालान किया गया।

# सघन चेकिंग अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता
**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल रुद्रपुर द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, ( प्रवर्तन ) रुद्रपुर, उपजिलाधिकारी किच्छा, तहस.ीलदार किच्छा की संयुक्त टीमों द्वारा में क्षेत्र के अंतर्गत नियमों का पालन न करने पर व ओवरलोडिंग, विदाउट फिटनेस ,विदाउट टैक्स वाले वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इस दौरान खनन में संलिप्त 03 ओवरलोड डंपरो एवं 10 भारवाहनों सहित कुल 75 वाहनों का चालान किया गया, 8 वाहनों को सीज किया गया, जिसमें से 05 वाहनों का चालान ओवरलोडिंग के अभियोग में किया गया। कर बकाया और बिना प्रपत्रों के 03 वाहनों का चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नवीन सिंह कहना है कि विदाउट फिटनेस विदाउट टैक्स ओवरलोडिंग, गाड़ी न चलाएं व यातायात नियमों का पालन करें। प्रवर्तन कार्यवाई के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, एसडीएम किच्छा, तहस.ीलदार किच्छा व परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज सिंह, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा , देवेंद्र सिंह, परिवहन आरक्षी रवि क्वीरा , प्रवर्तन चालक पूरन सिंह शामिल रहे।

# दो सप्ताह में स्थिति से अवगत कराए सरकार

## राज्य व केन्द्र सरकार के गजट में जौनसारी की स्पैलिंग गलत छपने का मामला



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के जौनसार में रहने वाले जौनसारी की स्पेलिंग राज्य बनने के दौरान केंद्र सरकार के गजट में गलत छप जाने के कारण यहां पर रह रहे पिछड़ी जाति के लोगों को केंद्र से उनके लिए जारी योजनाओं का लाभ न मिलने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि दो सप्ताह में स्थिति से अवगत कराएं। यह भी बताने को कहा है कि कया राज्य सरकार ने इसे सही कराने के लिए कोई कार्यवाही की है या नहीं? स्थिति से अवगत कराएं।

बता दें सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि जब राज्य का पुनर्गठन हुआ था तब जौनसार क्षेत्र का नाम जारी केंद्र सरकार के गजट के अंग्रेजी भाषा की स्पेलिंग में जौनसारी हो गया था। तब से अब तक इसपर न तो केंद्र सरकार ने विचार किया न ही राज्य सरकार ने। अब इसको संसोधन केंद्र सरकार ही कर सकती है कयोंकि इस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हुए हैं, बिना कैबिनेट की बैठक व उसके निर्णय तथा राष्ट्रपति की स्वीकृति के ही इसे सुधारा जा सकता इसलिए इसकी स्पेलिंग में सुधार किया जाय, इसको सही करने के लिए इनके आयोग के अध्यक्ष व राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र भेजा है लेकिन उसपर अभी तक कोई निर्णय नही लिया गया। इस गलती की वजह से उनके लिए केंद्र द्वारा जारी योजनाओं का लाभ उन्हें नही मिल पा रहा है। इस मुद्दे को विकास नगर निवासी मधु चौहान ने जनहित याचिका दायर कर कोर्ट के सम्मुख रखा।

## हाईकोर्ट ने किया याचिका को खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के बिंदाल रिस्पना एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की जद में आ रहे लोगों की भूमि को अधिग्रहण करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाधयाय की खंडपीठ ने मामले को पोषणीय न पाते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अभी उनको नोटिस नहीं आया है। नोटिस आने पर वे अपनी आपत्तियां सक्षम फोरम में दे सकते हैं। मामले के अनुसार देहरादून निवासी खुर्शीद अहमद ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार देहरादून शहर को जाम मुक्त कराने के लिए बिंदाल रिस्पना एलिवेटेड प्रोजेक्ट बना रही है जिसका रोडमैप भी बन चुका है। इसको बनाने के लिए उनकी भूमि का अधिग्रहण भी हो रहा है। डिमार्केशन की प्रक्रिया भी जारी कर दी है। यही नहीं इसके बनने से कई लोगों के घर भूमि,पर्यावरण तथा दैवीय आपदा आ सकती है। इतने बड़े प्रोजेक्ट की भार क्षमता यहां की भूमि को नहीं है जबकि राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि यह जनहित याचिका पोषणीय नहीं है अभी इनको नोटिस तक नही दिया गया है, इसलिए जनहित याचिका निरस्त करने योग्य है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

## आरोपी ठेकेदार उस्मान को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी नैनीताल के ठेकेदार उस्मान खान के जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु 18 फरवरी बुधवार की तिथि नियत की। सोमवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार महरा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान के खिलाफ आरोप दर्ज है कि उसने 12 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है। जब इसकी शिकायत परिजनों ने नैनीताल के मल्लीताल थाने में दर्ज की गई थी। स्थानीय लोगो ने इसका विरोध किया। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। उसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए आस्वासन दिया था कि जांच के उपरांत उस्मान को हिरासत में लिया जाएगा। आगे यह भी कहा कि आरा. पी को जांच के उपरांत सजा मिलेगी। तब से आरोपी जेल में बंद है।

## न्यायमित्र अधिवक्ता जेएस विर्क से सुझाव देने को कहा

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने काठगोदाम (हल्द्वानी) के नन्ही परी हत्याकांड मामले में फांसी की सजा पाए दोष सिद्ध अभियुक्त अख्तर अली के शीर्ष अदालत से बरी हो जाने के मामले में महिला अधिवक्ता के खिलाफ सोशल मीडिया पर धमकी दिए जाने और अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के मामले में न्यायमित्र अधिवक्ता जेएस विर्क से सुझाव देने को कहा है। बता दें स्वत: संज्ञान वाली इस जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को कुछ सोशल मीडिया साइट की ओर से अपना पक्ष रखते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला दिया। इसके बाद अदालत ने न्यायमित्र अधिवक्ता को निर्देश दिए कि वह इस मामले में आवश्यक सुझाव पेश करें। वही सोमवार को प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि इस प्रकरण में मामला दर्ज कर लिया गया है। विशेष अनुसंधान बल (एसआईटी) को जांच सौंपी गई है। सोशल मीडिया साइट से अभद्र संदेश मौजूद नहीं हैं। यहां बता दें कि नैनीताल के काठगोदाम (हल्द्वानी) में 10 साल पहले नन्ही परी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। दोषी अख्तर अली की फांसी की सजा उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दी थी। इस निर्णय के बाद के बाद प्रदेश में कई जगह पर प्रदर्शन हुए और सोशल मीडिया में महिला अधिवक्ता के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।

## हाईकोर्ट ने वित्त विभाग के 16 जनवरी के आदेश पर लगाई रोक

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के नियमित व वर्कचार्ज कर्मचारियों को पेंशन से बाहर किए जाने वाले वित्त विभाग के 16 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दी है। इस आदेश में 2016 के बाद नियमित हुए कर्मचारियों की पेंशन पर रोक लगा दी थी साथ ही जिन कर्मचारियों को पेंशन मिल रही थी उनकी पेंशन भी बन्द कर दी गई थी। इस मामले में शीतकालीन अवकाश के दौरान न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने भी कुछ कार्मिकों की याचिका की सुनवाई के बाद वित्त विभाग के 16 जनवरी के आदेश पर रोक लगाई थी किन्तु वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने विगत दिनों इस आदेश पर रोक नहीं लगाई और सरकार से जबाव मांगा था । इधर सोमवार को सिंचाई विभाग के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी गुलाब सिंह तोमर ने मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में याचिका दायर कर कहा कि 16 जनवरी को वित्त विभाग के कार्यालय आदेश के अनुसार 1 अक्टूबर 2005 के बाद नियमित हुए वर्कचार्ज कर्मचारियों को पेंशन के दायरे से बाहर कर दिया गया। इन कर्मचारियों को 2018 के सुप्रीम कोर्ट के प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के मामले में पारित आदेश में वर्कचार्ज सेवा को जोड़ते हुए उन्हें पेंशन समेत अन्य लाभ दिए जाने को कहा गया था। अब शासन की ओर से मनमाना आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से पेंशन बंद कर दी गई। जो कर्मचारी सेवारत हैं उन्हें राष्ट्रीय पेंशन योजना से जोड़ा जाने की बात कही गई है। इसके अलावा राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में उदयराज सिंह बनाम बिहार राज्य में पारित आदेश को आधार मानकर यह आदेश जारी किया है। उस आदेश में भी सुप्रीम कोर्ट ने बाद में संशोधन कर कहा था कि प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार से संबन्धी आदेश 3 जजों की खण्डपीठ ने दिया था।

## भीमताल से सीईओ पहुंचे खुर्पाताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत खुर्पाताल ग्राम सभा में कुछ दिनों से लगातार चल रहे विवाद को लेकर



सोमवार को शिक्षा अधिकारी खुर्पाताल पहुंचे, जहां पर न्याय पंचायत के तमाम ग्राम प्रधान व ग्रामीण रहे। उपस्थित लोगों ने शिक्षा अधिकारी के सामने नाराजगी व्यक्ति कि लोगों प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका को हटाने की मांग करते रहे। लोगों का कहना था कि शिक्षिका द्वारा न्याय पंचायत खुर्पाताल के खेल मैदान में ताला लगाने के विरोध में 2 दिसंबर को खुर्पाताल न्याय पंचायत स्तर की एक ट्रेनिंग पांच दिवसीय देहरादून से आए हुए लोगों द्वारा नव नियुक्त ग्राम प्रधानों को ट्रेनिंग दी जिसके लिए शिक्षिका द्वारा मुखय गेट में ताला लगा दिया था जिसका विरोध लगातार चला रहा। सोमवार को इस मामले में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया की जल्दी से जल्दी इसमें कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने शिक्षा अधिकारी से पूछा कि शनिवार को छुट्टी ना होने के कारण खुर्पाताल प्राइमरी स्कूल कयों बंद रहा। शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिलाया कि इसमें जांच की जाएगी, छुट्टी विभाग द्वारा नहीं थी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट समेत गोविंद अधिकारी ग्राम प्रधान नलनी तथा ग्राम प्रधान खुर्पाताल हंसी नेगी, न्याय पंचायत के 7 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 150 ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लाभार्थियों को दीं कई अहम जानकारी

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद भवाली के लाभार्थियों हेतु रामलीला मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग कर जनता को विभाग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में राशन कार्ड में मॉडिफिकेशन से संबंधित 28 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर राशन कार्डो में ऑनलाइन नाम दर्ज कर समस्याओं का समाधान किया गया। एआरओ सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने इस मौके पर क्षेत्रीय जनता को जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा जनपद को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 65.26 फीसदी लाभार्थियों का चयन इस योजना में चयन किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। लक्ष्य के अनुरूप उक्त योजना में राशन कार्ड प्रचलित हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा राशन कार्ड संबन्धी अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने पर क्षेत्रीय जनता द्वारा विभाग के कार्य की सराहना की गई।

### मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने किया कार्यबहिष्कार

**नैनीताल।** लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन की ओर से सोमवार को लोनिवि प्रांतीय खंड कार्यालय में पारस्परिक स्थानांतरण को लेकर कार्यबहिष्कार किया गया। मिनिस्टीरियल एसोसियेशन के अध्यक्ष हिमेश सनवाल ने बताया कि पूर्व में प्रमुख अभियंता स्तर से ही पारस्परिक स्थानांतरण होते आए हैं लेकिन अब स्थानांतरण को शासन स्तर से किए जाने के चलते पारस्परिक स्थानांतरण को लटकाया जा रहा है। कहा कि अभी शांति पूर्ण तरीके से संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया गया जा रहा है यह कार्य बहिष्कार अनिश्चितकालीन है। उन्होंने कहा कि जब तक मिनिस्टीरियल कार्मिकों की समस्याओं के समाधन नहीं होने के फलस्वरूप आन्दोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश चन्द्र आर्या समेत पूरन बिष्ट, किशन सिंह, सुनील कोहली, अंकिता नयाल, घनश्याम सत्यवली, जीवन पाण्डे, गोपाल दत्ता, गोकुल कुमार, दीपक रावत, रोहित गुरूरानी तथा ममता जोशी व भाष्कर आर्या आदि मौजूद रहे।

### वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने किया आंदोलन

**नैनीताल।** प्रदेश सरकार की ओर से वर्ष 2015 से लेकर 2023 के बीच सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की पेंशन को रोके जाने के विरोध में नैनीताल में सोमवार को लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने संघ के प्रदेश मुख्य संयोजक के नेतृत्व में सेवानिवृत कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलित कर्मियों ने चेतावनी दी है कि इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। कहा कि प्रदेश भर में लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग में कार्यरत कई नियमित वर्कचार्ज कर्मी तथा सेवानिवृत कर्मी शासन की ओर से पूर्व में जारी नई पेंशन नियमावली में पेंशन की परिधि से बाहर हो गए हैं। नई पेंशन स्कीम से हजारों नियमित वर्कचार्ज कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सुरक्षा पर संकट आ गया है। नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के प्रदेश मुख्य संयोजक गिरीश चंद्र जोशी ने बताया कि शासन की ओर से 16 जनवरी 2023 को जारी शासनादेश में 1 अक्टूबर 2005 के बाद नियमित हुए वर्कचार्ज कार्मिकों को दस वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर ही पेंशन की परिधि में रखा गया है। इसमें उनकी वर्कचार्ज सेवा अवधि को नहीं जोड़ा जाएगा। इस दौरान गिरीश चंद्र जोशी. दीवान सिंह बिष्ट, धन सिंह लटवाल, बसंत सुनान, मोहन सिंह भंडारी, राम लाल, पूरन सिंह जीना, मोहिनी देवी तथा किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

### तिब्बती समुदाय का नव वर्ष लोसर कल से

**नैनीताल।** नैनीताल में तिब्बती नव वर्ष लोसर अबकी बार 18 फरवरी से 20 फरवरी तक मनाया जाएगा। तिब्बती समुदाय के नेताओं के मुताबिक यह साल तिब्बती राजा वर्ष 2153 है जिसका तत्व अग्नि और प्रतीक चिन्ह घोड़ा है। लोसर के तीसरे दिन सुख निवास स्थित बोध मठ में सामूहिक पूजा होगी। मठ के आगे लगे हुए बड़ा ध्वज भी बदला जाएगा। तिब्बती और भोटिया मार्केट तीन दिन के पूर्ण रूप से बन्द रहेगी। दुकानें शनिवार को खुलेगी।

### राज्य सरकार 25 मार्च तक जवाब दाखिल करे

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उधम सिंह नगर के खटीमा के प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव में हुए हंगामे के बाद एसडीएम द्वारा मतगणना रोकने व मत पेटियों को सील करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज की एकलपीठ ने एसडीएम सहित अन्य को नोटिस जारी करने के साथ ही राज्य सरकार से 25 मार्च 2026 तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने अब 25 मार्च की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान याचिककर्ता की तरफ से कहा गया कि जब चुनाव संपन्न हो गया हो और मतगणना अंतिम चरण में हो तब उसे बीच मे नही रोका जा सकता है। एसडीएम ने अपने कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर कार्य किया है जो कि नियमावली के विरुद्ध है। मामले के अनुसार खटीमा व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अमन अरोड़ा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि खटीमा व्यापार मंडल की मतगणना के दौरान एसडीएम खटीमा द्वारा मतगणना स्थल पर आकर मतगणना को रोक दिया गया साथ ही मतपेटियों को सील कर मतगणना स्थल के कमरों को भी सील कर दिया गया। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जल्द से जल्द खटीमा में हुए प्रांतीय उद्योग मंडल चुनावों के मतपत्रों की गणना कर परिणाम घोषित किए जाए।

# राजस्व के मामलों के निस्तारण में तेज़ी लाएं अधिकारी: ललित मोहन रयाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्द्वानी।** सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कैम्प कार्यालय में मासिक स्टाफ बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए, खासकर विरासत, नामांतरण और भूमि विवादों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देने की बात कही। जिलाधिक. ारी ने राजस्व मजिस्ट्रेटों को उनके न्यायालयों में लंबित वादों का समय पर निस्तारण करने और न्यायालय में बैठने के दिन व तिथि को बोर्ड पर अंकित करने के आदेश दिए। साथ ही तहसील स्तर पर किसी भी निजी व्यक्ति की दखलंदाजी को रोकने की बात कही और कहा कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को शतप्रतिशत वसूली का लक्ष्य तय किया। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को सप्ताहिक समीक्षा करने और कम वसूली करने वाले संग्रह अमीनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों, मजिस्ट्रियल जांचों और आयोगों के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण की बात कही। आबकारी विभाग को अवैध शराब की बिक्री और संचरण पर कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए और नियमित छापेमारी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में अपर जिला अधिकारी विवेक राय, पुलिस अधीक्षक (नगर) मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# होली की तैयारियों में जुटीं महिलाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक सोमवार को क्लब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 22 फरवरी रविवार को होटल सेंट्रल में होने वाली महिला होली महोत्सव की तैयारी को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में तय किया गया कि इस बार भी विगत वर्षों की भांति महिला होली का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए अमिता शाह को संयोजक जबकि दीपा पांडे एवं विनीता पांडे को सहसंयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य होगी। इस बार महिला होली में अल्मोड़ा से किरण पंत, भीमताल से सुनीता पांडे तथा नैनीताल से सुमन शाह जबकि हल्द्वानी से अलका टंडन एवं रामनगर से लीला पांडे को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सह संयोजक दीपा पांडे ने बताया कार्यक्रम ठीक 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान स्वांग बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, साथ ही सभी स्वांग को पुरस्कार दिया जाएगा। बैठक में सरिता त्रिपाठी, हेमा भट्ट, रानी साह, कविता त्रिपाठी, जीवंती भट्ट, ज्योति ढोंढियाल, प्रेमा अधिक. ारी, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, रमा लोहनी, कंचन जोशी, लीला राज, मीनाक्षी कीर्ति, पल्लवी, सविता कुलौरा, दया कुंवर, मधुमिता, रेखा जोशी, गीता शाह, मंजू बिष्ट, ज्योति वर्मा, डा.प्रगति जैन, सीमा सेठ, सोनू शाह, नीरू शाह तथा तनु सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।



# प्रेरणा का मूल स्रोत व्यक्ति के भीतर: डा. मुनगली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग द्वारा सोमवार को एक विशेष संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं सेवा. निवृत कर्नल डा. गिरिजा शंकर मुनगली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में कर्नल डा. गिरिजा शंकर मुनगली ने कहा कि जीवन में प्रेरणा का मूल स्रोत व्यक्ति के भीतर निहित होता है किंतु उसे सुदृढ़ करने के लिए अनुशासन, निरंतर अभयास और स्पष्ट लक्ष्य अनिवार्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्णय क्षमता विकसित करने तथा कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों से समझौता न करने की प्रेरणा दी। उनके अनुसार जीवन के चुनौतीपूर्ण क्षण ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का वास्तविक निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि साहस और धैर्य के बिना कोई भी व्यक्ति दीर्घकालिक सफलता प्राप्त नहीं कर सकता साथ ही बुद्धि और विवेक के संतुलन से लिए गए निर्णय न केवल व्यक्तिगत जीवन को दिशा देते हैं बल्कि व्यक्ति को वैश्विक स्तर का नेतृत्वकर्ता बनने में भी सहायक होते हैं। कहा कि वर्तमान समय में इतिहास जैसे विषयों को अंतरविषयक दृष्टिकोण से पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने करियर निर्माण, शोध की दिशा? विदेश अध्ययन तथा जीवन में संत. ुलन जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे जिनका उत्तर कर्नल डा. मुनगली ने अपने दीर्घ अनुभवों के आधार पर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत ने कहा कि कर्नल डा. मुनगली का जीवन विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन भी उसका अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सदैव प्रथम रखकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। अंत में प्रो. रीतेश साह ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के संवादात्मक एवं प्रेरक कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की। संचालन डा. शिवानी रावत द्वारा किया गया।



## बल्दियाखान में खाई में गिरी बाइक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर खाई में बाइक गिरना चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में पुलिस कोई जानकारी नहीं होने की बात कह रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार की देर शाम बल्दियाखान में हल्द्वानी को जाती एक बाइक दो सवारों समेत खाई में गिर गई, हालांकि बाइक पर सवार लोगों को कोई चोट नहीं आने की बात कही जा रही है। लोगों ने बाइक सवारों को खाई से सकुशल बाहर भी निकाल लिया लेकिन बाइक खाई में ही पड़ी हुई है, जबकि पुलिस मामले की जानकारी नहीं होने की बात कह रही है। मामले में तल्लीताल थाने के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि उनके पास बाइक गिरने की कोई सूचना या शिकायत नहीं आई है। मौके पर जाने तक बाइक सवार जा चुके थे।

# शिक्षा जगत में मानवीय संबंधों पर मंथन जरूरी: देवयानी मुनगली

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा विभाग में सोमवार को संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल पुणे महाराष्ट्र की संस्थापक एवं निदेशक देवयानी मुनगली ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित किया।

देवयानी मुनगली ने अपने संबोधन में वर्तमान समय के बदलते परिदृश्य को देखते हुए शिक्षण अधिगम में चिंतन योग्य बातों पर चर्चा की, जिसमें सर्वप्रथम समाज में तकनीकी के तीव्र विकास के दृष्टिगत शिक्षक शिक्षार्थी के मध्य मानवीय संबंधों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिये जाने का समर्थन किया तथा शिक्षक को एक नाविक के समान बताया जो समाज में हो रहे परिवर्तनों में अपने छात्रों को सही मार्गदर्शन प्रदान कर पथभ्रष्ट होने से सुरक्षित कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने भावी शिक्षकों को अपनी क्षेत्रीय भाषा एवं संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान करते हुए आधुनिक तकनीकी का दास न बनकर उसे अपने विकास में सहायक बनाया जाने पर बल दिया।अपने व्यक्तव्य में उन्होंने महाराष्ट्र में संचालित संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा व उसमें आने वाली चुनौतियों को भी साझा किया। बता दें देवयानी मुनगली मूल रूप से अल्मोड़ा उत्तराखंड की निवासी हैं तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की विद्यार्थी रही हैं। उनके द्वारा 13 पुस्तकें लिखीं गयी हैं जिन्हें उतराखण्ड के विद्यालयी पाठ्यक्रम में समिलित किया गया हैं। देवयानी मुनगली को उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड स्टेट लिट्रेचर अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें इंडियन एजुकेशन एसीलेंस अवार्ड, प्रो. इंदिरा पारिख इन एडुकेशन लीडर्स साइटेशन एवं द टाइम्स ऑफ इंडिया पावर विमेन अवार्ड से भी नवाजा गया है।



# सड़कों का काम समय पर पूर्ण कर लें: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

## जनपद में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा




**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सोमवार को जिले के विकास भवन सभागार भीमताल में जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरुरी दिशा- निर्देश दिए। डीएम रयाल ने सभी विभागों के अधिका. रियों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, नैनीताल जिला प्रदेश में अव्वल रहे इस हेतु सभी योजनाओं में जितनी भी धनराशि अभी अवशेष रह गई है उसे प्रत्येक दशा में 10 मार्च मंगलवार से पूर्व व्यय करना सुनिश्चित करें साथ ही बीस सूत्री कार्यक्रम में सभी मदों में ए श्रेणी रहे यह भी सुनिश्चित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं वह गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए इस हेतु अधिकारी मौके पर जाकर सत्यापन भी अवश्य करें, इसके अतिरिक्त जो भी सामग्री इस वर्ष विभाग में क्रय की गई है उसकी शतप्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही उसका भौतिक सत्यापन भी अवश्य कर लिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी जिला योजना 2026-27 हेतु भी अभी से विभागीय प्राथमिकता के अनुसार योजनाओं का चयन कर संरचना तैयार कर ली जाए चालू कार्यों के साथ ही जनहित के मामलों को प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिक. ारी ने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम अब अनुकूल हो रहा है जिन मोटर मार्गों में हॉटमिक्स व डामरीकरण कार्य होना है शीघ्र ही उसे शुरु कर समय पर पूर्ण किया जाय साथ ही जहां पर भी क्रेशबैरियर क्षतिग्रस्त हैं उन्हें भी शीघ्र बदला जाए।

सड़कों की लगातार निगरानी रखते हुए सुचारू आवागमन सुनिश्चित कराएं। डीएम रयाल ने सभी ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई अभियान जारी रखने के निर्देश जिला पंचायतीराज विभाग को दिए उन्होंने जिला पंचायत को ग्रामीण कस्बों एवं क्षेत्रों सहित सड़क किनारे मुखय मार्गों में लगातार स्वच्छता अभियान चलाते हुए नियमित कूड़ा उठाने एवं उसका सही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर निकायों को भी नियमित सफाई व्यवस्था के साथ ही लगातार यह अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## कार्यालय नगर निगम रुड़की हरिद्वार जनपद हरिद्वार।

पत्रांक- 1392/कर-अनु0/न0नि0 रुड़की/टैण्डर खुली बोली/2025-26 दिनांक:- 16-02-2026

नगर निगम रुड़की में दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 01.12.2028 (03 वर्ष हेतु) निगम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालियर साल्हापुर इब्राहिमपुर देह में स्थित सीवरेज फार्म खुली बोली के ठेके हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारी को खुली बोली वास्ते निम्नुसार आमन्त्रित करती है।

| क्र0 स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | न्यूनतम खुली बोली मूल्य प्लाट संख्या | खुली बोली हेतु एन0एस0सी/एफडी0आर/ नकद धनराशि जमानत जमा किये जाने हेतु दिनांक एवं समय | नगर निगम सभागर में टेण्डर खुली बोली के माध्यम् से प्रतिभाग की |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि फसल बिक्री | 40,000/- | प्लाट संख्या-18 रू. 6,13,500/-<br>प्लाट संख्या-19 रू. 5,52,964/- | दिनांक 26.02.2026 तक प्रात: 11:00 बजे तक। | दिनांक 26.02.2026 |

भूमि फसल बिक्री जमानत धनराशि एनएससी /एफ0डी0आर0/ नकद धनराशि जमानत राशि के रूप में जो नगर आयुक्त नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। तद्दिनांक को उच्चतम खुली बोली धनराशि को स्वीकृति हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा जिसको स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कर-अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

कर-निर्धारण एवं राजस्व अधिकारी
नगर निगम रूड़की।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूड़की।

## मोहम्मदपुर में सांसद टीएस रावत ने निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में की शिरकत

# छात्रों को नई शिक्षा नीति के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत आज लक्सर के मोहम्मदपुर बुजुर्ग गांव स्थित एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।सांसद रावत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बदलते दौर का जिक्र करते हुए कहा कि हमें बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने श्अल्फा युगश का हवाला देते हुए कहा कि आने वाले समय में परिस्थितियां बहुत अलग होंगी, जिसके लिए बच्चों को आज से ही शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना अनिवार्य है। साथ ही, उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कानून व्यवस्था पर दिया बयान-देहरादून में कांग्रेस द्वारा लोकभवन के घेराव और बिगड़ती कानून व्यवस्था के आरोपों पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ष्मुझे यह स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं है कि कुछ घटनाएं उद्वेलित करने वाली हुई हैं, जिन पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। हमें इन घटनाओं के मूल में पहुंचना होगा कि यह क्यों हुई हैं।ष उन्होंने याद दिलाया कि नीति आयोग के दस्तावेजों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में उत्तराखंड को भारत के सबसे शांतिप्रिय प्रदेशों में गिना गया है।शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल का योगदानविद्यालय के शिक्षक मास्टर सतबीर अवाना ने बताया कि वे 1995 से इस स्कूल में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि इसी विद्यालय के छात्र आज चेन्नई में डीआरएम, जूनियर इंजीनियर, पुलिस और अन्य सरकारी विभागों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। अवाना ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की सलाह दी और कार्यक्रम में पधारे सांसद सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहां पर जो मुख्य शामिल रहे उनमें राहुल अग्रवाल रतेंद्र तिवारी राजेंद्र नाथ मेहंदी रत्ता अर्जुन ठाकुर शमशेर अली सद्दाम हुसैन प्रधान आदि भारी संख्या में बच्चे गार्जियन मौजूद रहे।

# 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** पुलिस का नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करो पर कड़ा प्रहार करते हुए 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार देवभूमि को नशा मुक्त करने के लिए हरिद्वार पुलिस लगातार अभियान' चला रही है। एस0एस0पी0हरिद्वार द्वारा नशा मुक्त भारत एवं ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत कार्रवाई के आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना बुग्गावाला द्वारा युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अलग-अलग टास्क दिये गये है। प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, तथा मुखवीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। उक्त क्रम में दिनांक 15.02.2026 को पुलिस टीम द्वारा चौकी अमानतगढ़ बेरियर पर दौराने चौकिंग आरोपी मुकमील पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 गांजा मजरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत किया गया। नाम पता आरोपित मुकमील पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 गांजा मजरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार है।

# शिक्षक महासंघ मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य बने राजीव शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार के सभी शिक्षक संगठनों के संयुक्त मंच 'शिक्षक महासंघ' का विस्तार करते हुए मीडिया प्रकोष्ठ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय इमलीखेड़ा, रुड़की के सहायक अध्यापक ''राजीव शर्मा'' को बतौर सदस्य नामित किया गया है। इस मनोनयन पर महासंघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षक समुदाय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि वे संगठन की गतिविधियों, शैक्षिक सरोकारों तथा जनहित विषयों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महासंघ के संयोजक मंडल ने कहा कि मीडिया प्रकोष्ठ संगठन और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। राजीव शर्मा की सक्रियता, संवाद कौशल और शैक्षिक प्रतिबद्धता महासंघ को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। इस अवसर पर 'शिक्षक एकता जिंदाबाद' के उद्घोष के साथ सभी ने संगठनात्मक मजबूती का संकल्प दोहराया। शिक्षक महासंघ, जनपद हरिद्वार में संयोजक मंडल में पवन सैनी (जिलाध्यक्ष, राजकीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ), राजेश सैनी (जिलाध्यक्ष, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ), लोकेश कुमार (जिलाध्यक्ष, राजकीय शिक्षक संघ) अश्वनी चौहान (जिलाध्यक्ष, उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसियेशन)चुना गया हैं।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**बुग्गावाला।** जनपद में एसए0पी हरिद्वार के निर्देश मे वांछित, ईनामी, वारण्टियों अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा अलग-अलग टीमे गठित कर मुखबीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। तथा काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी अपराधियों के संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी जिस पर बुग्गावाला पुलिस टीम द्वारा वारण्टी नफर वारण्टी नूर मौहम्मद पुत्र असगर निवासी ग्राम औरंगजेबपुर अमानतगढ थाना बुग्गावाला सम्बन्धित वाद संख्या 1475/ 2014 धारा 279/427/ 304। के मस्कन से हस्बकायदा हिरासत में लिया गया।

# प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सचिन गुप्ता के साथ बड़ी तादाद में दून रैली में पहुंचे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देहरादून राजभवन को लेकर आज प्रात: बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से देहरादून के लिए रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता ईदगाह चौक स्थित सचिन इंटरनेशनल होटल पर एकत्रित हुए, जहां देहरादून रवाना होने से पूर्व कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के नाकामियों पर जमकर प्रहार किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है।अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं तथा महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है।महिलाओं की हत्याओं से देवभूमि की पवित्रता भंग हो रही है।उन्होंने कहा कि अंकित हत्याकांड जैसे मामले में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है,जिसे लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में जन आंदोलन चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन जा रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में देवभूमि की सम्मानित जनता



भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी।। उन्होंने कहा कि आज देहरादून में राजभवन का घेराव ऐतिहासिक होगा।

# आईआईटी रुड़की की मानसिक स्वास्थ्य नीति की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए आईआईटी रुड़की ने व्यापक मानसिक स्वास्थ्य नीति का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बनकर नई मिसाल कायम की है। इस नीति का पहला प्रारूप वेलनेस सेंटर द्वारा तैयार किया गया, जो संस्थान समुदाय के मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए समर्पित है। इस कार्य में छात्र कल्याण अधिष्ठाता, छात्र वेलनेस के सह-अधिष्ठाता, आईआईटी रुड़की के क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक, बाहरी विशेषज्ञों तथा संकाय सदस्यों की सामूहिक विशेषज्ञता शामिल रही। इस पहल को "सहयोग 2.0" के माध्यम से और सशक्त किया गया, जो एक केंद्रित अंतर-आईआईटी संवाद था। इसका उद्देश्य अन्य आईआईटी से सुझाव प्राप्त करना और साझा करना था, ताकि आईआईटी समुदाय के लिए एक सार्थक मानसिक स्वास्थ्य नीति ढांचा तैयार किया जा सके। इस संवाद का मकसद विभिन्न आईआईटी में प्रचलित नीतियों, प्रोटोकॉल और प्रशासनिक तंत्र से सीख लेकर एक व्यापक, समावेशी तथा छात्र एवं आईआईटी समुदाय केंद्रित नीति में उपयुक्त सुझावों को शामिल करना था। सहयोग 2.0" वर्ष 2024 में आयोजित "सहयोग" की सफलता पर आधारित है तथा यह भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया निर्देशों के अनुरूप है, जो उच्च शिक्षण



संस्थानों की मानसिक स्वास्थ्य प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हैं। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई: मानसिक स्वास्थ्य प्रशासन एवं नीति निर्माण के संस्थागत दृष्टिकोण, निवारक, प्रोत्साहक एवं प्रत्युत्तरात्मक मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप, नीति क्रियान्वयन में वेलनेस सेंटर, काउंसलिंग सेल और छात्र कल्याण संरचनाओं की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका और उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, आईआईटी के बीच मानसिक स्वास्थ्य नीतियों का मानकीकरण और समन्वय, संकट स्थितियों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का निर्माण। सहयोगात्मक सत्रों ने न केवल संस्थानों के बीच पारस्परिक सीख को बढ़ावा दिया, बल्कि एक ऐसी नीति की आवश्यकता पर भी जोर दिया जो छात्र-केंद्रित, समावेशी और व्यवहारिक हो, तथा संपूर्ण आईआईटी समुदाय के मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करे। इस पहल पर बोलते हुए आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा, "उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरे हैं, और 'सहयोग 2.0' जैसी पहलें इस जिम्मेदारी की हमारी सामूहिक स्वीकृति को दर्शाती हैं। संस्थान ने सभी आईआईटी से आए अधिष्ठाताओं, संकाय सदस्यों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्वागत किया। साथ ही एम्स ऋषिकेश, जीएमसीएच चंडीगढ़, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (आईएचबीएएस), दिल्ली, केजीएमयू, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), आईओपी कोलकाता, ओपी जिंदल, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव, दिल्ली विश्वविद्यालय, यूपीएस आईएफएस सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के बाहरी विशेषज्ञों, एक सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता तथा एक मानवविज्ञानी की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

# आंधी ने धूल में मिलाए ऊर्जा निगम के 16 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर और देहात में पिछले महीने बारिश और आंधी ने ऊर्जा निगम के उपकरणों को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने के बाद पैसा स्वीकृत होने पर लाखों रुपये के काम करा दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को रुड़की और आसपास के क्षेत्र में बारिश-आंधी ने 50 से अधिक फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली गुल कर दी थी। बुग्गावाला, मंगलौर और रुड़की आदि क्षेत्रों में ब्रेकडाउन, चौनल पर तार गिरने, जंपर आदि निकालने समेत ट्रांसफार्मर को भी लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा था। इस बीच बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर करीब 8 से 10 घंटे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी थी। अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत ने बताया कि मंडल में 180 फीडर में से पिछले महीने 50 से अधिक फीडर से जुड़े विद्युत उपकरणों को नुकसान पहुंचने से वह बंद हो गए थे। 16 लाख रुपये का नुकसान आंधी और बारिश से निगम को पहुंचा था। मुख्यालय से पैसा रिलीज होने पर मंडल में मरम्मत के सभी कार्य करा दिए गए हैं।

# दवा फैक्टरी के गेट पर पीपुल्स पार्टी ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सहारनपुर रोड स्थित आज्ञा बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को हंगामा हो गया। पीपल्स पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कंपनी के श्रमिकों के साथ मिलकर कार्य ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कंपनी प्रबंधन ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कंपनी के एडमिन सूरज चौधरी की ओर से कोतवाली मंगलौर में दी गई तहरीर में बताया कि पीपल्स पार्टी के ललित कुमार, कपिल कुमार छाबड़ा, अनुज कुमार और अन्य संदिग्धों ने कंपनी परिसर के भीतर घुसकर श्रमिकों को भड़काया व हड़ताल करा दी। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। तहरीर में कहा गया कि प्रदर्शनकारी न केवल नारेबाजी कर रहे हैं बल्कि कंपनी के खिलाफ साजिश रचते हुए हाथापाई और गाली-गलौज पर उतारू हैं। जो श्रमिक काम पर आना चाहते हैं उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और गेट पर ही रोका जा रहा है। इस तरह के हंगामे से औद्योगिक क्षेत्र की शांतिभंग हो रही है। फैक्टरी की ओर से पुलिस को सौंपी गई सूची में ललित कुमार के साथ-साथ बंसी, कपिल कुमार, अनुज कुमार, जयकुमार, दीपक, रोहिल, अर्जुन, अंकित, स्वाति, बोहती, सोनू, आनंद कुमार, परमजीत, सीमा और राम बतौरी समेत कई लोगों को नामजद किया गया है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** थाना क्षेत्र के पीपल चौक पर पुरानी रंजिश के कारण जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पीपल चौक पर पुरानी रंजिश के कारण जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। ज्वालापुर से कुछ महिलाएं और पुरुष पिकअप वाहन से साबिर पाक में हाजिरी देने आए थे। जब वे हाजिरी के बाद वापस घर लौट रहे थे तभी पीपल चौक पर पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बीचबचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट में घायल महिला को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। इस प्रकार की कोई घटना हुई है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के जेवरात के साथ एक गिरफ्तार

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली को डोडी चौहान निवासी सिंचाई विभाग कॉलोनी ने तहरीर देकर बताया था कि छह फरवरी को वह ड्यूटी पर गए थे। परिवार के लोग छत पर थे। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे तो अलमारी खुली मिली और वहां से जेवरात गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगालने के अलावा संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शुभम निवासी मिलाप नगर ढंढेरा कोतवाली रुड़की को जेवरात के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# टेंपो-ट्रैवलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कस्बे में मस्जिद कट के पास रविवार सुबह टेंपो ट्रैवलर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। दुर्घटना के बाद से युवक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे सिद्धार्थ (18) निवासी नन्हेड़ा अनंतपुर थाना भगवानपुर बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में हरिद्वार से आ रहे टेंपो ट्रैवलर ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना होती देख राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस बीच खुद को लोगों से घिरता देखकर टेंपो ट्रैवलर का चालक फरार हो गया। युवक को कस्बे के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से टेंपो ट्रैवलर और बाइक को कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मौके पर मिले वाहन पुलिस के कब्जे में हैं। पीड़ित परिवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## महिला काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी में

# सृजन व नारी शक्ति का स्वर गूंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतरराष्ट्रीय न्यास महिला काव्य मंच की रुड़की इकाई की फरवरी माह की मासिक काव्य गोष्ठी इकाई अध्यक्ष अर्चना त्यागी के निवास 'उत्सव' में गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम में रचनात्मक ऊर्जा और नारी शक्ति का प्रभावी स्वर सुनाई दिया।

गोष्ठी का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों के आत्मपरिचय से हुआ। इसके पश्चात काव्य पाठ का क्रम आरंभ हुआ, जिसमें कवयित्रियों ने समाज, नारी सशक्तिकरण, देशप्रेम, भक्ति एवं मानवीय संवेदनाओं जैसे विविध विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक यशवीर सिंह चौधरी की धर्मपत्नी सुभाषिनी चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं निडर होकर अपनी प्रतिभा को सामने लाएं और साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव की अलख जगाएं। गोष्ठी में अनुपमा शर्मा, अनुपमा गुप्ता, शाहिदा शेख, ममता त्यागी, वीना सिंह, कविता गोयल, अलका घनशाला, अर्चना त्यागी, ममता चन्द्रा, निधि जैन, संगीता शर्मा तथा अनामिका त्यागी



ने प्रभावशाली काव्य पाठ किया। सभी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सार्थक और यादगार बना दिया। उत्तराखंड प्रभारी सीमा शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रुड़की इकाई की अध्यक्ष अर्चना त्यागी का सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। अंत में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और गोष्ठी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# सात दिन बाद भी आईआईटी छात्र का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 11 फरवरी को एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र के गंगनहर में डूबने की घटना के बाद से जारी तलाश एक सप्ताह बाद भी जारी है। छात्र का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इस दौरान दो बार नहर का पानी बंद किया जा चुका है और आज फिर बड़े स्तर पर संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

सोमवार को नहर का पानी दोबारा बंद कर बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप के जवान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन और जल पुलिस की टीमें मौके पर उतरीं। करीब 20 प्रोफेशनल गोताखोरों को भी विशेष रूप से बुलाया गया है, जिनमें देश के मशहूर गोताखोर शामिल बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लगभग 100 सदस्यीय टीम गंगनहर को बाल्मीकि घाट से आसफनगर झाल तक खंगालने में जुटी है। नहर के चप्पे-चप्पे की अलग-अलग तकनीकों से सघन तलाशी ली जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में नहर में डूबने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। सामान्य मामलों में जल पुलिस या एसडीआरएफ की सीमित टीम लगाई जाती है और कभी-कभार पानी का स्तर कम किया जाता है, लेकिन इस तरह दो बार नहर बंद कर इतने बड़े स्तर पर संयुक्त अभियान चलाया जाना अभूतपूर्व माना जा रहा है। **एक अज्ञात शव बरामद.**



. सर्च ऑपरेशन के दौरान टीम को नहर से एक शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान और अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।इधर छात्र के परिजन और सहपाठी लगातार घटनास्थल पर डटे हुए हैं। प्रशासन का कहना है कि जब तक छात्र का पता नहीं चल जाता, अभियान जारी रहेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

## ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में

**सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है।**

किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंचिंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रकाशित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विकारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब कोशिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामाजिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

**व्यायाम से रोकथाम**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गतिविधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।



स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुन: प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की कोशिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

**अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**



**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमे. रिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमे. रिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

**■ अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद**

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।

### कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-ड्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-ड्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरक. ारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफ़ा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान प्ज सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संच. ालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिका. रिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।



■ बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद सा. चंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

**■ 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा**

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिंग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

# 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## बीएलए 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिका. रिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।



■ बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे

# पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



■ बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा किब टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निंदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर

शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर